शनिवार, 20 दिसम्बर 2025

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

सुविचार : गलतफहमी सच सुनने नहीं देती और अहंकार सच देखने नहीं देता।

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(www.nhai.gov.in)




## पश्चिम बंगाल को रु. 3200 करोड़ से अधिक लागत की 02 राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजनाओं के विकास का एक और उपहार

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

द्वारा

### शिलान्यास

उत्तर 24 परगना जिले में एनएच-12 (पुराना एनएच-34) के बारासात-बड़ाजागुली अनुभाग में किमी. 31.0 से किमी. 48.5 तक (लंबाई 17.5 किमी) 4-लेन का विकास कार्य

### उद्घाटन

नदिया जिले में एनएच-12 (पुराना एनएच-34) बड़ाजागुली-कृष्णनगर अनुभाग में किमी. 48.5 से किमी. 115.2 तक (लंबाई 66.7 किमी) 4-लेनिंग

### परियोजनाओं की सुविधाएं

- बंगाल के दक्षिणी हिस्से से उत्तर बंगाल तथा पूर्वोत्तर राज्यों तक तेज परिवहन लिंक के साथ मल्टी-ट्रैकिंग एवं अन्य मार्ग खोले जाने का विकल्प
- बेहतर परिवहन ढांचे के साथ पश्चिम बंगाल के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वरदान
- पूर्वोत्तर भारत और नेपाल, भूटान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से बेहतर कनेक्टिविटी
- उत्तर बंगाल एवं भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन को विशाल बढ़ावा
- पश्चिम बंगाल के साथ भारत के पूर्वी भाग की आर्थिक वृद्धि पर साकारात्मक प्रभाव डालते हुए औद्योगिक विकास में विशाल बढ़ोतरी
- कृषि क्षेत्र को बढ़ावा
- बेहतर सुरक्षा सुविधाओं से दुर्घटना में कमी
- वाहन संचालन लागत तथा यात्रा के समय में कमी से व्यापक लाभ
- आस-पास के इलाकों में नौकरी का सृजन तथा सर्वांगीण सामाजिक-आर्थिक विकास

**शनिवार, 20 दिसम्बर, 2025 | पूर्वाह्न 11.00 बजे | स्थान ताहेरपुर (रानाघाट), नदिया जिला, पश्चिम बंगाल**

### गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. सी.वी. आनंद बोस**
महामहिम राज्यपाल, पश्चिम बंगाल

**ममता बनर्जी**
माननीया मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

**नितिन जयराम गडकरी**
माननीय केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**अजय टम्टा**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**हर्ष मल्होत्रा**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**शांतनु ठाकुर**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग

**सुकांत मजूमदार**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**जगन्नाथ सरकार**
सांसद, लोकसभा (रानाघाट)

**पार्थ भौमिक**
सांसद, लोकसभा (बैरकपुर)

**डॉ. काकली घोष दस्तीदार**
सांसद, लोकसभा (बारासात)

**समिक भट्टाचार्य**
सांसद, राज्यसभा

**शुभेन्दु अधिकारी**
प्रधान विपक्ष दलनेता, पश्चिम बंगाल विधानसभा

**बंकिम चंद्र घोष**
विधायक (चाकदह)

**सुबोध अधिकारी**
विधायक (बिजपुर)

**अम्बिका राय**
विधायक (कल्याणी)

**ब्रज किशोर गोस्वामी**
विधायक (शांतिपुर)

**पार्थसारथी चटर्जी**
विधायक (रानाघाट उत्तर पश्चिम)

**असीम विश्वास**
विधायक (रानाघाट उत्तर पूर्व)

**मुकुट मणि अधिकारी**
विधायक (रानाघाट दक्षिण)

CBC 37107/15/0016/2526

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

राड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

## ग्रामीण क्षेत्रों में सफलता से जगी उम्मीदें

आम तौर पर आम आदमी पार्टी को शहरी जनाधार वाली पार्टी के रूप में देखा जाता रहा है। लेकिन हालिया ग्रामीण निकाय चुनावों में उसकी जीत ने राजनीतिक विश्लेषकों को खूब चौंकाया है। पंजाब के जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के परिणामों ने राजनीतिक वर्चस्व और उभरते मतभेदों की कहानी भी बयां की है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी यानी आप ने ग्रामीण निकाय चुनावों में शानदार सफलता को दर्ज करते हुए राज्यभर में बड़ी संख्या में सीटें जीती हैं। जिसने इस बात की पुष्टि की है कि आम आदमी पार्टी पंजाब के शहरों में ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी लोकप्रियता का आधार रखती है। वहीं दूसरे शब्दों में कहें तो ग्रामीण मतदाताओं में पंजाब की सत्ता में लंबे समय तक भागीदारी निभाने वाले राजनीतिक दलों से मोहभंग का सिलसिला लगातार बना हुआ है। हालांकि, आप की इस सफलता के साथ कुछ ऐसे पहलू भी जुड़े हैं, जिन पर पार्टी और उसके नेताओं को गहन विचार करने की जरूरत होगी। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी का मजबूत प्रदर्शन उसके शासन के मॉडल के लिये निरंतर समर्थन का संकेत दे रहा है। यह एक ऐसा परिणाम है जो साल 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में आप के पक्ष में सकारात्मक परिदृश्य बना सकता है। इसके विपरीत विरोधाभास यह भी है कि कई जगह ऐसे उल्लेखनीय उदाहरण सामने आए हैं, जहां आम आदमी पार्टी अपने नेताओं के गढ़ों में लड़खड़ा गई है। आप के कई प्रमुख नेता अपने ही गांवों में जीत हासिल करने में विफल रहे हैं। ऐसा क्यों हुआ, आप को इस पर मंथन करने की जरूरत है। वहीं शिरोमणि अकाली दल ने बठिंडा और मुक्तसर जैसे कुछ इलाकों में अपनी मजबूत पकड़ दर्शायी है। जो पार्टी के लिये हौसला बढ़ाने वाले संकेत कहे जा सकते हैं।

दरअसल, शिअद के प्रदर्शन को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि पार्टी यदि इस बढ़त को आगे भी कायम रख पाती है तो उसके संगठनात्मक पुनरुद्धार के लिये दीर्घकालिक परिणाम सामने आ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन निराशाजनक ही कहा जाएगा। दरअसल, अब भी कांग्रेस अपनी खोई हुई जमीन को फिर से हासिल करने लिये संघर्ष करती प्रतीत हुई है। ये कांग्रेस के लिये चिंता की ही बात हो सकती है कि वह अपने पारंपरिक गढ़ों तक में अब भी कोई ठोस व दमदार चुनौती पेश करने में असफल ही रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पैठ बनानी आरंभ की है। हालांकि, उसकी यह बढ़त सिर्फ मामूली ही कही जाएगी। बहरहाल, कह सकते हैं कि चुनाव परिणामों से उपजी तसवीर पंजाब में बदलते राजनीतिक परिदृश्य की ओर ही इशारा करती नजर आती है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि किसी भी चुनाव के परिणाम चुनावी परिदृश्य का आंशिक दृष्टिकोण ही परिभाषित करते हैं। मतदाता जमीनी स्तर पर आम आदमी पार्टी की नीतियों से काफी हद तक संतुष्ट ही दिखे हैं। इसके बावजूद स्थानीय निष्ठाएं और उम्मीदवार विशिष्ट कारक प्रमुखता से सामने आते हैं। इन स्थानीय ग्रामीण इकाइयों के चुनावों में आम आदमी पार्टी के नेताओं के गृह क्षेत्रों में मिली हार इस बात की भी याद दिलाती है कि किसी दल के लिये राजनीतिक पूंजी बेहद नाजुक ही होती है। यह भी कि ग्रामीण मतदाता स्थानीय नेतृत्व के प्रति उतने ही सजग और संवेदनशील होते हैं, जितना कि राज्य स्तरीय विचारों के प्रति। आगे चलकर, अगर आप को पंजाब में अपने जनादेश को बनाये रखना है और साथ ही उसका विस्तार करना चाहती है, तो उसे जमीनी स्तर पर नेतृत्व को मजबूत प्राथमिकता के आधार पर तैयार करना होगा। साथ ही उसे ग्रामीण मतदाताओं की विभिन्न चिंताओं का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर करना होगा। अब ये आने वाला समय बताएगा कि आप ने इन चुनाव परिणामों के निहितार्थों का किस सीमा तक चिंतन-मनन किया है। यदि पार्टी इन चुनाव परिणामों से सबक लेकर अपनी रीतियों-नीतियों में बदलाव लाती है तो साल 2027 के विधानसभा चुनावों में उसका जनाधार मजबूत हो सकता है।

# एसआईआर अपडेट से बदल सकता है यूपी का चुनावी नक्शा



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों मतदाता सूची के एक तकनीकी से दिखने वाले, लेकिन असर में बेहद सियासी मुद्दे के इर्द-गिर्द घूम रही है। स्पेशल इंटेंसिव रिविजन यानी एसआईआर को लेकर ऐसा घमासान मचा है कि यह प्रक्रिया 2027 के विधानसभा चुनाव की बुनियाद बनती नजर आ रही है। चुनाव आयोग इसे नियमित और जरूरी कवायद बता रहा है, जबकि राजनीतिक दल इसे अपने-अपने चश्मे से देख रहे हैं। एक तरफ बीजेपी फर्जी, डुप्लीकेट और घुसपैठियों के नाम हटाने की बात कर रही है, दूसरी तरफ विपक्ष को आशंका है कि इस प्रक्रिया की आड़ में गरीब, अल्पसंख्यक और प्रवासी तबके के वोट काटे जाएंगे। एसआईआर की शुरुआत 1 नवंबर 2025 से हुई। जनवरी 2025 की मतदाता सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश में कुल 15।44 करोड़ मतदाता दर्ज थे। आयोग का उद्देश्य साफ है मृत मतदाताओं, स्थानांतरित हो चुके लोगों, दोहरी प्रविष्टियों और फर्जी नामों को हटाना, साथ ही नए योग्य मतदाताओं को जोड़ना। इसके लिए बूथ लेवल ऑफिसर के जरिए घर-घर सत्यापन कराया गया। यह प्रक्रिया पहले भी होती रही है, लेकिन इस बार विवाद इसलिए गहरा गया क्योंकि सत्ताधारी दल के शीर्ष नेताओं के बयान सियासी आग में घी डालने लगे। 14 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कहा कि एसआईआर के बाद प्रदेश की मतदाता सूची से करीब चार करोड़ नाम हट सकते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इनमें से 85 से 90 फीसदी नाम बीजेपी समर्थकों के हैं। यह बयान आते ही सियासी हलकों में खलबली मच गई। सवाल उठने लगे कि अगर वास्तव में चार करोड़ नाम हटते हैं तो यह प्रदेश की राजनीति का चेहरा बदल सकता है। योगी के मुताबिक, अब तक करीब 12 करोड़ नाम ही रिकॉर्ड हो पाए हैं, जबकि आबादी के अनुपात में यह संख्या ज्यादा होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय होकर छूटे हुए नामों को जोड़वाएं।योगी के बयान के कुछ ही दिन बाद, 17 दिसंबर को पूर्व बीजेपी सांसद सुब्रत पाठक ने एक अलग ही दावा कर दिया। उन्होंने कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों में ही करीब तीन लाख नाम कट सकते हैं और ये ज्यादातर समाजवादी पार्टी के वोटर हैं। यह बयान योगी के दावे से उलट दिशा में जाता दिखा। एक तरफ मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि बीजेपी समर्थकों के नाम ज्यादा कट रहे हैं, दूसरी तरफ पार्टी के ही एक वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि नुकसान समाजवादी पार्टी को होगा। यहीं से एसआईआर पर सवाल और गहरे हो गए।

विपक्ष ने इन बयानों को हाथों हाथ लपक लिया। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि अगर चार करोड़ नामों में 85 फीसदी बीजेपी के हैं, तो इसका मतलब यह हुआ कि बीजेपी के साढ़े तीन करोड़ वोटर फर्जी थे। उन्होंने चुनाव आयोग से पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर वोट काटने की साजिश रची जा रही है, खासकर उन इलाकों में जहां गरीब, मजदूर और अल्पसंख्यक आबादी ज्यादा है।असल में, अभी तक चुनाव आयोग ने कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जनवरी 2026 में आएगी और फाइनल सूची फरवरी में प्रकाशित होगी। यानी फिलहाल जो भी दावे किए जा रहे हैं, वे प्राथमिक फीडबैक, कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट और अनुमान पर आधारित हैं। यही वजह है कि आंकड़ों से ज्यादा बयानबाजी सुर्खियों में है।योगी आदित्यनाथ के चार करोड़ वाले दावे के पीछे जो गणित बताया जा रहा है, वह भी चर्चा में है। यूपी की आबादी करीब 25 करोड़ मानी जाती है। अगर इसमें 65 फीसदी वयस्क मतदाता मानें, तो आंकड़ा करीब 16 करोड़ के आसपास बैठता है। इसमें हर साल 18 साल पूरे करने वाले नए वोटरों को जोड़ना भी शामिल है। ऐसे में 12 करोड़ नाम रिकॉर्ड होने की बात सुनकर चार करोड़ का अंतर निकालना आसान है। लेकिन यह अंतर वास्तव में नाम कटने का है या अब तक सत्यापन में न आ पाने का, यह साफ नहीं है।

बीजेपी के भीतर भी यह माना जा रहा है कि शहरी इलाकों में बड़ी संख्या में लोग काम के सिलसिले में दूसरे शहरों में रहते हैं, लेकिन गांव का वोट बनाए रखते हैं। सत्यापन के समय ऐसे कई नाम छूट जाते हैं। योगी का जोर इस बात पर था कि पार्टी कार्यकर्ता समय रहते ऐसे मतदाताओं का फॉर्म भरवाएं। उनके भाषण में बांग्लादेशी घुसपैठियों और उम्र में गड़बड़ी वाले उदाहरण भी आए, जिसने पूरे मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा और पहचान की राजनीति से जोड़ दिया।दूसरी ओर, सुब्रत पाठक का बयान कन्नौज जैसे समाजवादी पार्टी के मजबूत गढ़ से जुड़ा है। 2019 में यहां से सांसद रहे पाठक 2024 में अखिलेश यादव से चुनाव हार चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को स्थानीय सियासत और 2027 की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। उनका दावा है कि फर्जी और डुप्लीकेट नामों का सबसे ज्यादा फायदा समाजवादी पार्टी को मिला है और एसआईआर के बाद उसकी असलियत सामने आ जाएगी। हालांकि, इस दावे के समर्थन में भी कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है।

चुनाव आयोग ने बार-बार कहा है कि एसआईआर पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया है और किसी भी नाम को हटाने से पहले नोटिस और अपील का मौका दिया जाता है। आयोग का कहना है कि अंतिम सूची आने से पहले किसी भी तरह का निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। इसके बावजूद राजनीतिक बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही।अगर दूसरे राज्यों के अनुभव देखें तो तस्वीर थोड़ी साफ होती है। बिहार और पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर में बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं के नाम जुड़े हैं, जबकि मृत, डुप्लीकेट और लंबे समय से बाहर रह रहे लोगों के नाम कटे हैं। वहां किसी एक पार्टी को सीधा फायदा या नुकसान होने की बात साफ तौर पर सामने नहीं आई। यूपी में भी यही पैटर्न दोहराया जा सकता है, लेकिन यहां का पैमाना और सियासी दांव कहीं बड़े हैं। सवाल आखिर में यही है कि मतदाताओं की संख्या घटने या बढ़ने से फायदा किसे होगा। इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि किन इलाकों में, किस सामाजिक वर्ग के और किस उम्र के मतदाताओं के नाम सूची से बाहर होते हैं या जुड़ते हैं। फिलहाल इतना तय है कि एसआईआर ने 2027 के चुनाव से पहले राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। जब तक जनवरी-फरवरी 2026 में आधिकारिक आंकड़े सामने नहीं आते, तब तक योगी हों या अखिलेश, हर बयान सियासत का हिस्सा बना रहेगा और वोटर लिस्ट राजनीति का सबसे बड़ा हथियार बनी रहेगी।

-वरिष्ठ पत्रकार

## बंगाल की खबरें

# मेसी आयोजन कांड में गिरफ्तार मुख्य आयोजक शतद्रु के घर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी

**हुगली :** सॉल्टलेक के युवभारती स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी के कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्था के मामले में गिरफ्तार आयोजक शतद्रु दत्त के हुगली जिले के रिसड़ा पार्क स्थित घर पर विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी पहुंचे।

शुक्रवार सुबह करीब छह बजे विधाननगर पुलिस शतद्रु के 'चारु सुधा' नामक घर पर गई। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान रिसड़ा थाने की पुलिस भी उनके साथ मौजूद थी। बताया जा रहा है कि मेसी के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था की जांच के सिलसिले में ही पुलिस वहां पहुंची थी। पुलिस अधिकारी करीब तीन घंटे तक जांच के उद्देश्य से शतद्रु के घर पर रहे।



शतद्रु के घर से निकलने के बाद विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी रिसड़ा थाने पहुंचे और कुछ समय बाद विधाननगर की ओर रवाना हो गए। जांच के हित में पुलिस ने फिलहाल इस मामले पर कुछ भी कहने से इनकार किया है। वहीं, शतद्रु के परिवार के सदस्यों ने भी मीडिया से बात करने से परहेज किया।

उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को युवभारती स्टेडियम में मेसी को देखने नहीं मिलने पर दर्शक आक्रोशित हो गए थे और प्रदर्शन के दौरान स्टेडियम में तोड़फोड़ की गई थी। इसके बाद इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शतद्रु दत्त को गिरफ्तार किया गया। उन्हें अदालत ने 14 दिनों की जेल हिरासत में रखने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि युवभारती की इस घटना को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें से एक याचिका में दर्शकों से लिए गए टिकट के पैसे वापस करने की मांग की गई है। अब इन मामलों में अदालत क्या निर्देश देती है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### मेसी कार्यक्रम में तोड़फोड़ मामला: तीन और गिरफ्तार

सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी से जुड़े कार्यक्रम के दौरान हुई तोड़फोड़ के मामले में कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों के साथ इस मामले में अब तक कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शतद्रु दत्ता को भी 13 दिसंबर को घटना के दिन ही गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को पकड़े गए तीनों आरोपितों को दिन में निचली अदालत में पेश किया गया। सरकारी वकील उनकी पुलिस हिरासत की मांग किए हैं।

## महानगर के श्मशान घाटों में पार्षदों के लिए वीआईपी व्यवस्था पर नगर निगम में चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के श्मशान घाटों में शवों के दाह संस्कार के लिए पार्षदों या अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए कोई वीआईपी आरक्षण नहीं है। कोलकाता नगर निगम के डिप्टी मेयर और मेयर परिषद के सदस्य अतिन घोष ने यह जानकारी निगम के मासिक अधिवेशन में दी।




यह चर्चा वार्ड संख्या 17 के तृणमूल पार्षद मोहन कुमार गुप्ता द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के दौरान हुई। तृणमूल पार्षद श्री गुप्ता ने सदन में यह मांग रखी कि श्मशान घाटों पर पार्षदों के लिए सीमित वीआईपी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण कई मामलों में पार्षदों को असुविधा और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। उनका तर्क था कि यह सुविधा जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से भी उपयोगी साबित हो सकती है।

इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए निगम की चेयरपर्सन माला राय ने कहा कि वे श्मशान घाटों पर वीआईपी कल्चर की कड़ी विरोधी हैं। उन्होंने साझा किया कि अपने पिता के अंतिम संस्कार के समय उन्हें सात घंटे लाइन में खड़ा होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की, क्योंकि उन्हें पता था कि अंतिम क्षण में वे अपने पिता के साथ रह सकेंगी। माला राय ने यह भी कहा कि वीआईपी शवदाह गृह में आरक्षण के समय लंबी कतारें देखी गई हैं, जबकि सामान्य शवदाह गृह में अपेक्षाकृत भीड़ नहीं थी।

## घुसपैठियों को लेकर फर्जीवाड़ा, जन्म से पहले ही बन गया बर्थ सर्टिफिकेट : भाजपा

**भाजाप नेता ने एक ऐसा ही जन्म प्रमाणपत्र को इंटरनेट माडिया पर किया साझा**

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए चल रहे फर्जीवाड़े को लेकर भाजपा के प्रदेश महासचिव जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने एक कथित जन्म प्रमाण पत्र का हवाला देते हुए राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। चट्टोपाध्याय द्वारा इंटरनेट मीडिया पर साझा किए गए दस्तावेज के अनुसार, एक कन्या संतान का जन्म 5 मार्च 2007 को हुआ और उसका पंजीकरण 12 मार्च 2007 को किया गया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि रजिस्ट्रार ने यह प्रमाणपत्र 12 फरवरी 2006 को ही जारी कर दिया था। भाजपा नेता ने तंज कसते हुए कहा कि बंगाल में रजिस्ट्रार और नगर पालिका अध्यक्षों को शायद साल भर पहले ही पता चल जाता है कि कौन सा बच्चा पैदा होने वाला है। उन्होंने इसे अग्रिम जन्म प्रमाणपत्र का अनोखा मामला बताया।

**❑ भाजपा नेता ने कहा, 1.60 करोड़ लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जाना चाहिए**

भाजपा का आरोप है कि इस तरह के जाली दस्तावेजों का उपयोग बांग्लादेशी घुसपैठियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए किया जा रहा है। विशेष रूप से 16 दिसंबर 2025 को एसआइआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से ठीक पहले इन दस्तावेजों को सक्रिय किया गया है। जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने स्पष्ट किया कि इस तरह के संदिग्ध मामलों की गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लगभग 1 करोड़ 60 लाख लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जाना चाहिए। सभी को अपने मूल कागजात दिखाने चाहिए। यदि कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया पकड़ा जाता है, तो उसे सीधे जेल भेजा जाए। यह मामला राज्य में चुनाव सुधार और सुरक्षा को लेकर एक नई राजनीतिक बहस छेड़ सकता है।

### विद्यासागर सेतु पर बाइक फिसलने से दो युवक गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता :** शहर के विद्यासागर सेतु पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 1:57 बजे एक मोटरसाइकिल विद्यासागर सेतु से होकर हावड़ा की ओर जा रही थी, तभी अचानक एचआरबीसी के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे 32 वर्षीय आशीष हालदर और उनके साथ पीछे बैठे 28 वर्षीय रूपाक गुड़िया को शरीर पर कई गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। घटना के तुरंत बाद हेस्टिंग्स थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों घायलों को एसएसकेएम अस्पताल पहुँचाया, जहाँ फिलहाल उनका उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है कि वाहन के अनियंत्रित होने का मुख्य कारण क्या था।

### काशीपुर रेल यार्ड के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी

**कोलकाता :** चितपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत काशीपुर रेल यार्ड के पास शुक्रवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। दोपहर करीब 1:00 बजे स्थानीय लोगों ने सदागर पट्टी के पास 6/1 लॉक गेट रोड के सामने एक लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। घटना की सूचना मिलते ही चितपुर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और व्यक्ति को तत्काल आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और मामले को 'असामान्य मृत्यु' के रूप में दर्ज किया गया है। पुलिस फिलहाल मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है और मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 दिसम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष अमावस्या, 07:12 तक, नक्षत्र : मूल, 25:12 तक, योग : गांदा, 16:11 तक, सूर्योदय: 06:11, सूर्यास्त: 16:56, चन्द्रोदय : 06:24, चन्द्रास्त: 17:02, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 08:54 से 10:14

## राशिफल

**मेष :** आज अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा। किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से ऋण लेने से पहले भली-भांति विचार करें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** आज का दिन अत्यधिक व्यस्तता और भागदौड़ से भरा रहने वाला है। इसलिए आपको अधिक सावधानी बरतनी होगी। इस दौरान आपको पैर में चोट लगने की आशंका है।

**मिथुन :** आज के दिन आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। पहले से किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो उसमें कुछ वृद्धि संभव है। सामाजिक गतिविधियों में व्यवधान आ सकता है।

**कर्क :** भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपके परिश्रम का फल संतोषजनक रूप से प्राप्त होगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

**सिंह :** आज का दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा। मानसिक अशांति, खिन्नता अथवा उदासीनता के कारण मन भटक सकता है। नेत्रों से संबंधित किसी कष्ट में आज सुधार के योग बन रहे हैं।

**कन्या :** आज आपके भीतर निर्भीकता और साहस का भाव प्रबल रहेगा, जिससे आप कठिन कार्यों को भी सहजता से पूर्ण कर सकेंगे। माता पिता का सहयोग और स्नेह प्राप्त होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए शुभ और फलदायी रहेगा। अधिकारों तथा संपत्ति में वृद्धि के संकेत हैं। आप सेवा-भाव से दूसरों का भला करेंगे। नए कार्यों में निवेश करना लाभकारी सिद्ध होगा।

**वृश्चिक :** आज मन कुछ अशांत और परेशान रह सकता है। व्यापार विस्तार के लिए किए गए प्रयास प्रारंभ में सफल न हों, तो धैर्य न खोएँ। शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

**धनु :** आज आपकी विद्या, बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान पुण्य और परोपकार की भावना मन में प्रबल रहेगी। धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर सहयोग करेंगे।

**मकर :** आज बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही कुछ ऐसे अनावश्यक खर्च भी आज के दिन सामने आ सकते हैं, जिसे आपको करना ही पड़ेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन बुद्धि और विवेक से नई नई योजनाएं अथवा खोज करने में व्यतीत होगा। खर्च सीमित और आवश्यकता अनुसार ही करें। किसी से विश्वासघात की आशंका है, सतर्क रहें।

**मीन :** चतुर्थ भाव में गुरु की अनुकूल स्थिति के कारण लंबे समय से चला आ रहा संतान से चिंता परेशानी का समाधान निकल सकता है। शिक्षा और प्रबंधन के काम में आपको सफलता मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3297



***बायें से दायें:-*** 1) जनता की आवाज़, 4) क़ालीन, 7) चिढ़-चिढ़ा, 9) रोग, 11) संसार; सृष्टि, 13) बचाव, 14) ठण्डा, 16) ज़बान खोलना, 18) माँग, 21) मस्तक, 22) एक फल, 23) नमक-मिर्च के साथ तली हुई दाल, 25) पक्षाघात, 28) पथिक, 29) अनोखा, 30) सच्चा.

***ऊपर से नीचे:-*** 1) चिढ़ा हुआ, 2) विचारशील, 3) इस बीच, 4) घना, 5) कुंजी, 6) इम्तहान, 8) चुलबुला, 10) चुराना; पीटना, 12) आकछी, 15) परिवर्तित, 17) चक्का जाम; कामबंदी, 18) और, 19) नष्ट, 20) शाबाशी, 21) बेइज़्ज़ती, 23) प्रवेश, 24) स्थूलता, 26) ठेका; अनुबंध; धीरज, 27) रुधिर; हत्या.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | मा | नी | | कु | ह | नी | | आ |
| त्या | | ता | र | ता | र | | ति | ल | क |
| व | ह | म | | | ता | ज | | | र्ष |
| श्य | | ह | ज़ू | म | | न | ज़ | दी | क |
| क | ब | | | ट | ह | नी | | ग | |
| | ह | | म | का | न | | च | र | स |
| व | का | ल | त | | न | स | ल | | त्या |
| सी | ना | | ल | ता | | म | न | मा | ना |
| ला | | ज | ब | र | द | स्त | | ला | श |

## सुडोकू-पहेली-3255

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 5 | 7 | | | | |
| | | | 3 | | | | | |
| 1 | 8 | | 6 | | 9 | | | |
| 5 | | 4 | | | 6 | | 8 | |
| | | | | | | 7 | | |
| 6 | | | 4 | | | | | 3 |
| | | | | | | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | 1 |
| | | 9 | | 3 | | | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3254 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 3 | 4 | 1 |
| 9 | 4 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 4 | 2 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |

शनिवार, 20 दिसम्बर 2025

**मौसम**





| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 26 |
| आर्द्रता | 65% |
| सूर्योदय: 06:11 | सूर्यास्त: 16:56 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा





पंड्या के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया, श्रृंखला 3-1 से जीती पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : गलतफहमी सच सुनने नहीं देती और अहंकार सच देखने नहीं देता।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या

## पेड़ में बांधकर जलाया शव



**ढाका/नयी दिल्ली :** बांग्लादेश में ईशनिंदा के आरोप में हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति की पीटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को आग लगा दी गई। यह देश में धार्मिक अल्पसंख्यक के खिलाफ हिंसा की नवीनतम घटना है। 'बांग्ला ट्रिब्यून' समाचार पोर्टल के अनुसार मृत व्यक्ति की पहचान दीपू चंद्र दास (25) के रूप में हुई, जो मैमनसिंह शहर में एक कारखाने में काम करते थे। अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में मैमनसिंह शहर में हिंदू समुदाय के व्यक्ति की पीटकर हत्या किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार ने कहा, इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने बताया कि दास को पहले बृहस्पतिवार रात कारखाने के बाहर भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों को लेकर पीटा और फिर एक पेड़ से लटका दिया। भालुका मॉडल थाने के निरीक्षक (जांच) अब्दुल मलिक ने समाचार पोर्टल को बताया, घटना के बाद, आक्रोशित भीड़ ने मृत व्यक्ति के शव को ढाका-मैमनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़ दिया और उसे आग लगा दी। इससे राजमार्ग के दोनों ओर यातायात अवरूद्ध हो गया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज के मुर्दाघर भेज दिया।

## बॉयकॉट इंडिया के लगे नारे

### बांग्लादेश में उबाल के बीच बॉर्डर पर भी अलर्ट, पूर्वी कमांड प्रमुख ने लिया तैयारियों का जायजा

### बांग्लादेश में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक हादी की मौत के बाद देशभर में तनाव

बांग्लादेश में पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं हुईं, जिससे देशभर में तनाव व्याप्त हो गया। देश के विभिन्न हिस्सों में बृहस्पतिवार रात को हमलों और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिनमें चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास पर पत्थरबाजी भी शामिल है। ये घटनाएं मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस द्वारा टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए इंकलाब मंच के नेता हादी की मौत की पुष्टि करने के बाद हुईं। इससे पहले इंकलाब मंच ने हादी की मृत्यु की घोषणा की थी। उनका शव शाम तक घर लाया जाएगा।

**बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति जटिल और परिवर्तनशील: संसदीय समिति**

**नयी दिल्ली :** विदेश मामलों की एक संसदीय समिति ने कहा है कि बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति जटिल और परिवर्तनशील है। विदेश मंत्रालय ने समिति को बताया कि सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर चिंतित है। 'भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य' शीर्षक से अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा कि हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव के संदर्भ में विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत ने द्विपक्षीय संबंधों को इन घटनाओं के असर से अलग-थलग रखने के लिए हर संभव प्रयास किया है। कांग्रेस नेता शशि थरूर की अगुवाई वाली विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को संसद में पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया है, समिति को अवगत कराया गया है कि बांग्लादेश में वर्तमान स्थिति जटिल और परिवर्तनशील है। लोकतांत्रिक चुनावों के कार्यक्रम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

**बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा कड़ी की गयी**

बांग्लादेश के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद पड़ोसी मुल्क में हुए हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

# आज पीएम मोदी की सभा से बंगाल में शुरू होगा भाजपा का चुनावी अभियान

### नदिया में विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन के साथ जनसभा को पीएम करेंगे संबोधित,जनवरी में उत्तर बंगाल में भी भरेंगे हुंकार



**कोलकाता :** बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य के साथ पार्टी के शीर्ष नेताओं के दौरों का सिलसिला अब तेज होन जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नदिया जिले के ताहेरपुर (राणाघाट) पहुंच रहे हैं, जहां वे बंगाल की बुनियादी संरचना को नई गति देंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा न केवल राजनीतिक बल्कि विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ताहेरपुर की जनसभा में पीएम मोदी निम्नलिखित परियोजन-ाओं का शुभारंभ करेंगे: एनएच-12 के बारासात - बाराजागुली खंड को 4-लेन बनाने की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वे एनएच-12 के बाराजागुली-कृष्णनगर खंड के 4-लेन प्रोजेक्ट का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं से उत्तर और दक्षिण बंगाल के बीच संपर्क बेहतर होगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही पीएम मतुआ समुदाय के गढ़ में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन के शंखनाद के रूप में कल, 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे, नदिया जिले के ताहेरपुर (नेताजी पार्क मैदान) में प्रधानमंत्री मोदी एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल के गौरव को बहाल करने और औद्योगीकरण की शुरुआत के लिए यह रैली ऐतिहासिक होगी।

**नए साल में उत्तर बंगाल पर विशेष फोकस**

नए साल के पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री का अगला पड़ाव उत्तर बंगाल होगा। भाजपा इस क्षेत्र के लिए इस बार विधानसभा चुनाव में एक अलग 'संकल्प पत्र' (चुनावी घो-षणापत्र) तैयार करने की योजना बना रही है। इसमें चाय उद्योग, विकास और स्थानीय मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। पार्टी का लक्ष्य केवल सत्ता पक्ष की विफलताओं को गिनाना नहीं, बल्कि 'सोनार बांग्ला' के लिए अपना विजन पेश करना है। इस बीच, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भी बंगाल दौरे की योजना है, जहां वे बुनकर समाज और साड़ी व्यवसाय से जुड़े लोगों के साथ समय बिताकर उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा करेंगी।

**प्रधानमंत्री असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे**

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे तथा जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री गुवाहाटी हवाई अड्डे के 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बने नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे असम के बुनियादी ढांचे को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इस यात्रा के दौरान, वह असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।


**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555



में पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करूंगा : सिद्धरमैया (पृष्ठ 7)

सहयोग के नए क्षेत्रों के उभरने से भारत-नीदरलैंड संबंध और होंगे प्रगाढ़ : जयशंकर पृष्ठ 7


## ईडी की बड़ी कार्रवाई, युवराज सिंह, उर्वशी रौतेला, सोनू सूद समेत कई दिग्गजों की करोड़ों की संपत्ति जब्त



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेता सोनू सूद की संपत्तियों को एक 'अवैध' सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में कुर्क किया है, जिनकी अनुमानित कीमत आठ करोड़ रुपये है। केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी करने के बाद अभिनेत्री नेहा शर्मा, मॉडल एवं अभिनेत्री उर्वशी रौतेला की मां और बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा की संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जारी किए गए इस नए अंतरिम कुर्की आदेश के अंतर्गत जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य 7.93 करोड़ रुपये है।

युवराज सिंह- 2.5 करोड़
रोबिन उथप्पा- 8.26 लाख
उर्वशी रौतेला- 2.02 करोड़ (ये संपत्ति इनकी मां के नाम पर थी)
सोनू सूद- 1 करोड़..
मिमी चक्रवर्ती- 59 लाख
अंकुश हजारा- 47.20 लाख
नेहा शर्मा- 1.26 करोड़

इन सभी लोगों से अतीत में ईडी ने पूछताछ की थी और इन संपत्तियों को कुराकाओ द्वीपीय देश में पंजीकृत कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप की "अपराध से प्राप्त आय" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ईडी ने कुछ समय पहले इस जांच के तहत पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन और सुरेश रैना की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी।

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने नयी जिम्मेदारी संभालने के कुछ ही दिनों बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी से मुलाकात की। उन्हें नयी जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।" प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे विश्वास है कि उनका संगठनात्मक और प्रशासनिक अनुभव हमारी पार्टी के लिए बहुमूल्य साबित होगा क्योंकि हम सभी मिलकर जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करेंगे।" नवीन (45) को 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

## रुपया 54 पैसे मजबूत होकर 89.66 प्रति डॉलर पर बंद

**नयी दिल्ली :** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया शुक्रवार को 54 पैसे मजबूत होकर 89.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों के 59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास बने रहने से घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में हाल के हफ्तों में लगातार रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद यह तेजी संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण आई है।

## पासपोर्ट प्राधिकरण नवीनीकरण के लिए यात्रा कार्यक्रम नहीं मांग सकता : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि देश के संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का उपहार नहीं बल्कि उसका पहला दायित्व है। इसने यह भी कहा कि पासपोर्ट प्राधिकरण को नवीनीकरण के चरण में भविष्य की यात्राओं या वीजा की अनुसूची की मांग करने की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने कहा कि पासपोर्ट प्राधिकरण का काम केवल यह देखना है कि लंबित कार्यवाही के बावजूद, आपराधिक अदालतों ने अपनी निगरानी में यात्रा की संभावना को खुला रखने का विकल्प चुना है या नहीं। इसने कहा, "हमारे संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का उपहार नहीं बल्कि उसका पहला दायित्व है। कानून के अधीन रहते हुए, किसी नागरिक को आवागमन करने, यात्रा करने, आजीविका और अवसर प्राप्त करने की स्वतंत्रता भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दी गई गारंटी का एक अनिवार्य हिस्सा है।" शीर्ष अदालत ने यह आदेश महेश कुमार अग्रवाल की याचिका पर दिया, जो झारखंड के रांची स्थित एनआईए अदालत में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमे का सामना कर रहे कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले का दोषी है।

## नेशनल हेराल्ड: ईडी ने सोनिया, राहुल के खिलाफ आरोपपत्र पर निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ दायर आर-ोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी। इस याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है। ईडी ने निचली अदालत के 16 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें यह माना गया था कि इस मामले में एजेंसी की शिकायत का संज्ञान लेना "कानूनी रूप से अस्वीकार्य" है क्योंकि यह प्राथमिकी पर आधारित नहीं थी। निचली अदालत ने कहा था कि भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा की गई शिकायत और उसके परिणामस्वरूप 2014 में जारी किए गए समन आदेश के बावजूद, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित अनुसूचित अपराध के संबंध में आज तक प्राथमिकी दर्ज करने से परहेज किया है। इसने कहा, "हालांकि, ईडी ने 30 जून, 2021 को धनशोधन से संबंधित एक ईसीआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी, जबकि अनुसूचित अपराध के संबंध में सीबीआई या किसी अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी के पास कोई प्राथमिकी मौजूद नहीं थी।"

### संसद के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद मोदी, प्रियंका, अन्य नेताओं ने बिरला से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले और अन्य नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके कक्ष में मुलाकात की। नेताओं ने सत्र के सुचारू संचालन के लिए लोकसभा अध्यक्ष बिरला को धन्यवाद दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्रियों के. राममोहन नायडू, राजीव रंजन सिंह 'ललन', चिराग पासवान और प्रह्लाद जोशी ने भी लोकसभा अध्यक्ष से चाय पर मुलाकात की। बिरला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "18वीं लोकसभा के छठे सत्र के समापन के पश्चात माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं सभी दलों के गणमान्य नेताओं के साथ संसद भवन स्थित कार्यालय में सुखद वार्ता हुई।" संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर को शुरू हुआ था और शुक्रवार को समाप्त हुआ। इस दौरान लोकसभा की 15 बैठकें हुईं जो 92 घंटे 25 मिनट तक चलीं। सदन की उत्पादकता 111 प्रतिशत दर्ज की गई।

## पारंपरिक चिकित्सा को वह पहचान नहीं मिलती जिसकी वह हकदार है : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को वह मान्यता नहीं मिलती जिसकी वह हकदार है और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए उसे विज्ञान के माध्यम से जनता का विश्वास जीतना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुसंधान को मजबूत करने, डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने और एक विश्वसनीय नियामक ढांचा विकसित करने से पारंपरिक चिकित्सा को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा की बात आती है तो सुरक्षा और प्रमाण से संबंधित प्रश्न हमेशा उठते हैं। मोदी ने कहा, "भारत इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इस शिखर सम्मेलन में आप सभी ने अश्वगंधा का उदाहरण देखा है। सदियों से इसका उपयोग हमारी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में होता रहा है। कोविड-19 के दौरान इसकी वैश्विक मांग तेजी से बढ़ी और कई देशों में इसका उपयोग शुरू हुआ।" प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने शोध और साक्ष्य-आधारित सत्यापन के माध्यम से अश्वगंधा को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐतिहासिक आयुष पहल की भी शुरुआत की, जिनमें 'माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल' (एमएआईएसपी) भी शामिल है। उन्होंने 'आयुष मार्क' का भी अना-वरण किया, जिसे आयुष उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए एक वैश्विक मानक के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने योग प्रशिक्षण पर डब्ल्यूएचओ की तकनीकी रिपोर्ट और 'फ्रॉम रूट्स टू ग्लोबल रीच: 11 इयर्स ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन इन आयुष' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने अश्वगंधा पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया, जो भारत की पारंपरिक औषधीय विरासत की वैश्विक महत्ता का प्रतीक है।

### तमिलनाडु और गुजरात की मसौदा मतदाता सूची में 11.49 करोड़ मतदाताओं में से 9.78 करोड़ के नाम दर्ज

**नयी दिल्ली :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रकाशित तमिलनाडु और गुजरात की मसौदा मतदाता सूची में 11.49 करोड़ मतदाताओं में से 9.78 करोड़ के नाम शामिल हैं, जबकि करीब 1.71 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची में नहीं पाए गए। निर्वाचन आयोग के अनुसार तमिलनाडु में 6.41 करोड़ मतदाताओं में से 5.43 करोड़ (84.81 प्रतिशत) ने गणना प्रपत्र जमा किए हैं। गुजरात में 5.08 करोड़ मतदाताओं में से 4.34 करोड़ (85.50 प्रतिशत) ने प्रपत्र जमा किए। अंतिम मतदाता सूची फरवरी में प्रकाशित होगी।




# टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने कहा- मुस्लिम थे भगवान राम, भड़की भाजपा

**❑ प्रदेश भाजपा ने विधायक के भाषण का वीडियो साझा कर इसे हिंदू भावनाओं का अपमान बताया**

**❑ टीएससी ने अपने विधायक के बयान से खुद को अलग किया**

**कोलकाता :** बंगाल में सत्तारूढ़ टीएससी के वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री मदन मित्रा द्वारा भगवान राम को लेकर कथित विवादास्पद टिप्पणी सामने आई है, जिसपर विवाद खड़ा हो गया है। इंटरनेट मीडिया पर उनके भाषण का एक क्लिप प्रसारित हुआ है, जिसमें टीएमसी विधायक दावा कर रहे हैं कि भगवान राम हिंदू नहीं, बल्कि मुस्लिम थे। बंगाल भाजपा ने अपने एक्स हैंडल पर गुरुवार को उत्तर 24 परगना जिले के कमरहट्टी



से विधायक मदन मित्रा के भाषण का वीडियो साझा करते हुए इसपर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए इसे हिंदू भावनाओं का अपमान व हिंदू धर्म पर हमला बताया है। साझा किए गए वीडियो में मित्रा को एक सार्वजनिक सभा में भगवान राम पर विवादित टिप्पणी करते सुना जा सकता है। हालांकि दैनिक जागरण ने इस वीडियो की सत्यता की जांच नहीं की है। टीएससी ने मित्रा के बयान से खुद को अलग कर लिया है।

**❑ विधायक के करीबियों ने वीडियो को झूठा व मनगढ़ंत बताया**

वहीं, विधायक मित्रा के करीबियों ने दावा किया कि वीडियो झूठा, मनगढ़ंत और एआइ-जनरेटेड है। प्रसारित वीडियो में मित्रा ने एक हिंदू श्लोक पढ़कर भाषण की शुरुआत की और कहा कि भाजपा के नेताओं को हिंदू धर्म की असली समझ ही नहीं है। अपने संबोधन में मित्रा एक निजी बातचीत का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि एक बार दिल्ली में भाजपा के एक बड़े नेता से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा था कि वे भगवान राम को मुसलमान मानते हैं। उन्होंने भाजपा नेता को चुनौती दी थी कि अगर उन्हें ज्यादा जानकारी है तो वे भगवान राम को हिंदू साबित करके दिखाएं। साथ ही बताएं कि राम का सरनेम क्या था। उन्होंने दावा किया कि वहां मौजूद कोई भी उनके सवाल का जवाब नहीं दे पाया था।

**❑ क्या भाजपा के लोग मुझे पीटेंगे**

टीएमसी विधायक ने आगे अपने भाषण में मजाक उड़ाते हुए कहा कि बाद में एक हिंदू साधु ने उन्हें बताया कि भगवान राम का सरनेम रामजेठमलानी था। उन्होंने कहा- क्या कोई हिंदू इस पर विश्वास करेगा? क्या वे ऐसे लोगों पर विश्वास करके पूजा करने जाएंगे?

भाषण में मित्रा ने विवाद होने की स्थिति को लेकर कहा कि उन्हें राजनीतिक नतीजों का कोई डर नहीं है। भाषण में उन्होंने कहा- मैं यह कह रहा हूं, मैं मदन मित्रा हूं। आप मेरे बयान को पूरे देश में फैला सकते हैं। भाजपा क्या करेगी? क्या वे मुझे पीटेंगे?

**❑ टीएससी सबसे हिंदू-विरोधी पार्टी है : भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने वीडियो साझा करते हुए लिखा- ऐसा लगता है कि टीएमसी नेता हिंदू देवी-देवताओं और हिंदू मान्यताओं का अपमान किए बिना नहीं रह सकते। हमारी संस्कृति और इतिहास का यह लगातार अपमान जुबान फिसलने की बात नहीं हो सकती है। यह अवैध बांग्लादेशियों को एक साफ संदेश है कि टीएससी सबसे हिंदू-विरोधी पार्टी है, और यह उनके विश्वासों को दिखाती है। पार्टी ने आगे कहा कि अच्छी बात यह है कि ये हिंदू विरोधी नेता अब ज्यादा दिन सत्ता में नहीं रहेंगे। भाजपा ने टीएससी को मित्रा के खिलाफ कार्रवाई करने की चुनौती भी दी।

दूसरी ओर, सत्तारूढ़ टीएससी ने अपने विधायक की इस कथित टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया है। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि हम सभी रामायण और अयोध्या के बारे में जानते हैं और मदन मित्रा जो कह रहे हैं, उस पर हम कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। बताते चलें कि यह पहली बार नहीं है जब मदन मित्रा ने अपने बयानों से विवाद खड़ा किया है।

## निर्वाचन आयोग कुछ बीएलओ को जनवरी में कक्षाओं में लौटने दे : पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह मौजूदा एसआईआर में बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के रूप में काम कर रहे कुछ शिक्षकों को स्कूलों में लौटने की अनुमति दे, क्योंकि उनकी लगातार अनुपस्थिति से विद्यार्थियों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। पत्र में, डब्ल्यूबीबीएसई सचिव सुब्रता घोष ने निर्वाचन आयोग से इन शिक्षकों को जनवरी से अपने-अपने विद्यालयों में कार्यभार संभालने की अनुमति देने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि चूंकि 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी में होने वाली हैं और उसके लिए विद्यालयों को व्यवस्था करनी है, जिसमें शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि यदि अधिकतर शिक्षक मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित कार्य के लिए कई दिनों तक अनुपस्थित रहते हैं तो स्कूलों के लिए कक्षाएं संचालन करना बेहद मुश्किल होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने कहा कि इस संबंध में निर्णय निर्वाचन आयोग को लेना है। जब उनसे पत्र के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'सीईओ का कार्यालय केवल निर्वाचन आयोग के निर्देशों को लागू कर रहा है।' सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस समर्थित 'बीएलओ ओइक्यो मंच' के प्रतिनिधि स्वप्न मंडल ने कहा कि बड़ी संख्या में बीएलओ डेढ़ महीने से अधिक समय से बच्चों को नहीं पढ़ा रहे हैं और स्कूलों में कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है।

### न्यूज ब्रीफ

#### सैमसंग ने फ्लिपकार्ट पर गैलेक्सी डेज सेल का सफल आयोजन, ग्राहकों को मिले आकर्षक ऑफर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर पहली बार 'गैलेक्सी डेज' सेल का सफल आयोजन किया। यह तीन दिवसीय सेल 16 से 18 दिसंबर के बीच आयोजित की गई, जिसमें ग्राहकों को गैलेक्सी डिवाइसेज पर आकर्षक ऑफर्स और कई अतिरिक्त लाभ मिले। सेल के दौरान चुनिंदा गैलेक्सी स्मार्टफोन्स पर ग्राहकों को 12,000 रुपये तक का अतिरिक्त एक्सचेंज बोनस दिया गया। इसके साथ ही, योग्य स्मार्टफोन के साथ वियरेबल्स या एक्सेसरीज खरीदने पर 5,000 रुपये तक की अतिरिक्त बचत का अवसर मिला। गैलेक्सी वियरेबल्स, टैबलेट्स और लैपटॉप्स पर भी विशेष छूट और ऑफर्स उपलब्ध कराए गए। ग्राहकों ने अपनी खरीदारी के साथ सैमसंग केयर+ प्लान का लाभ भी लिया, जो एक्सीडेंटल और लिक्विड डैमेज से सुरक्षा प्रदान करता है। वहीं, फ्लिपकार्ट पर मौजूद सैमसंग ब्रांड स्टोर से खरीदारी करने वाले ग्राहकों को सुपरकॉइन्स और चुनिंदा मॉडलों पर मिस्ट्री कूपन जीतने का मौका मिला।

#### हायर इंडिया ने ग्रेवेटी एआई सीरीज एयर कंडीशनर किए लॉन्च, एआई से बाजार विस्तार का लक्ष्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** हायर एप्लायंसेज इंडिया ने भारत में ऑल-न्यू ग्रैवेटी एआई सीरीज एयर कंडीशनर लॉन्च किए हैं। ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'एआई फॉर एयर' इवेंट में पेश की गई यह सीरीज एआई-एटमॉक्स टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जिसे कंपनी की अब तक की सबसे प्रीमियम और एडवांस एआई इंटीग्रेटेड एसी रेंज बताया जा रहा है। नई ग्रेवेटी एआई सीरीज में एआई फॉर सेविंग्स, एआई फॉर कम्फर्ट और एआई फॉर सर्विस जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसमें एआई क्लाईमेट कंट्रोल 2.0, ऑटो क्लीन आउटडोर टेक्नोलॉजी जैसी नेक्स्ट-जेन क्षमताएं दी गई हैं। लॉन्च के मौके पर हायर एप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट एनएस सतीश ने कहा कि यह सीरीज 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया' विजन को मजबूत करती है। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक भारतीय एसी बाजार में अपना शेयर 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 17 प्रतिशत करना है। ग्रेवेटी एआई सीरीज एसी की शुरुआती कीमत 49,990 रखी गई है और ये सभी प्रमुख रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होंगी।

#### हावड़ा डिवीजन में पुल मरम्मत कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन में पुल मरम्मत कार्य के चलते 21 दिसंबर को ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किए जा रहे हैं। मालारपुर और तारापीथ रोड के बीच तथा नलहाटी और स्वदीनपुर स्टेशनों के बीच ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लागू किया जाएगा। इसके तहत, रामपुरहाट से चलने वाली 63584 और 63026 ट्रेनें, वर्दवान से चलने वाली 63581 और 63063 ट्रेनें और तीनपहाड़ से चलने वाली 63064 ट्रेनें रद्द रहेंगी। साथ ही, कुछ ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ऑरिजिनेशन भी किया गया है। 63007 कटवा-रामपुपहाट मेमू ट्रेन अजीमगंज पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी, जबकि 13187 सियालदह-रामपुरहाट मा तारा एक्सप्रेस रामपुरहाट की बजाय सैंथिया पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और 13188 रामपुरहाट-सियालदह मा तारा एक्सप्रेस सैंथिया से शॉर्ट ऑरिजिनेट करेगी।

## 'बेदाग' स्कूल शिक्षक 31 अगस्त तक सेवा में बरकरार रहेंगे : बंगाल शिक्षा बोर्ड

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के ऐसे शिक्षक उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार अगले वर्ष 31 अगस्त तक अपनी सेवाओं में बने रहेंगे, जिनकी स्कूल भर्ती घोटाले में प्रत्यक्ष संलिप्तता साबित नहीं हुई थी। राज्य के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने 2016 की राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाईं और तीन अप्रैल को पूरी भर्ती को रद्द कर दिया, जिसके चलते राज्य द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों के कुल 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। बाद में, उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) को नए सिरे से भर्ती की व्यवस्था करने और इस प्रक्रिया को इस वर्ष 31 दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया। उस दिन तक, 15,403 ''बेदाग'' शिक्षकों को काम करने की अनुमति दी गई थी। शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु और बोर्ड सचिव सुब्रत घोष ने उच्चतम न्यायालय के बृहस्पतिवार के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें नई भर्ती प्रक्रिया को 31 अगस्त तक पूरा करने के लिए समय सीमा बढ़ा दी गई है। घोष ने कहा, ''हमें खुशी है कि बोर्ड द्वारा उच्चतम न्यायालय में दायर आवेदन 18 दिसंबर को स्वीकार कर लिया गया। एसएलएसटी 2016 के वे शिक्षक, जिन पर कोई विशेष आरोप नहीं लगा है, 31 अगस्त तक अपने पद पर बने रहेंगे। यह पश्चिम बंगाल के छात्रों और शिक्षा प्रणाली के हित में लिया गया एक दूरदर्शी निर्णय है।''

## आरपी इंफोसिस्टम्स मामले में ईडी का शिकंजा, 700 करोड़ की फर्जी क्रेडिट सुविधाओं का खुलासा

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोलकाता ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच को आगे बढ़ाते हुए 12 दिसंबर को विशेष पीएमएलए अदालत में एम/एस आरपी इंफोसिस्टम्स लिमिटेड से जुड़े मामले में एक परिशिष्ट अभियोजन शिकायत दायर की है। इस शिकायत में एम/एस आनट्रैक सिस्टम्स लिमिटेड को धनशोधन के आरोप में अभियुक्त बनाया गया है। ईडी का आरोप है कि कंपनी ने अपराध से अर्जित धन को छिपाने, कब्जे में रखने, हासिल करने और उपयोग करने में सक्रिय भूमिका निभाई।

इसके साथ ही हरी बालासुब्रमणियन पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ईडी के अनुसार, उन्होंने कंपनी के खातों और परिसंपत्तियों के दुरुपयोग को रोकने में विफल रहकर जानबूझकर मनी लॉन्ड्रिंग को सुविधाजनक बनाया।

ईडी की यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की बैंकिंग सेक्टर एवं वित्तीय अपराध शाखा, कोलकाता द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। सीबीआई ने आईपीसी 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरपी इंफोसिस्टम्स लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ मामले दर्ज किए थे। अब तक सीबीआई इस प्रकरण में दो चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

जांच में सामने आया है कि आरपी इंफोसिस्टम्स लिमिटेड ने बैंकिंग प्रणाली को धोखा देकर करीब 700 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधाएं हासिल कीं। इसके लिए फर्जी स्टॉक विवरण, जाली वित्तीय दस्तावेज और गढ़ा हुआ डाटा बैंकों को सौंपा गया। इन ऋण सुविधाओं के आधार पर कई लाइन ऑफ क्रेडिट खोली गईं, जिन्हें शेल कंपनियों के पक्ष में जारी किया गया। इन कंपनियों ने फर्जी टैक्स इनवॉइस, नकली चालान और जाली लोरी रसीदों के जरिये रकम डिस्काउंट कर अपने खातों में डाली, जबकि वास्तविक व्यापारिक लेनदेन नहीं हुआ।

ईडी ने बताया कि इस मामले में अब तक 26 मार्च 2018 और 25 जुलाई 2024 को जारी दो अस्थायी कुर्की आदेशों के तहत 31.89 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि नए आरोपियों और कॉरपोरेट संरचनाओं को शामिल कर मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे का विस्तार किया गया है और जांच अभी जारी है।

### न्यूज अपडेट

#### रेलवे परिसरों पर सतर्क आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते में चार नाबालिग बचाए



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 18 दिसंबर को चार नाबालिग लड़कों को सुरक्षित बचाया। यह कार्रवाई हावड़ा, सियालदह और आसनसोल डिवीजनों के आरपीएफ कर्मियों द्वारा अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर समन्वित रूप से की गई। अभियान के दौरान दो नाबालिग लड़के हावड़ा रेलवे स्टेशन और डानकुनी रेलवे स्टेशन पर भटकते हुए पाए गए। इनमें से एक नाबालिग गलती से ट्रेन संख्या 13152 डाउन (कोलकाता एक्सप्रेस) में सवार होकर कोलकाता पहुंच गया था, जबकि एक अन्य नाबालिग पारिवारिक विवाद के कारण घर से भाग गया था। सभी चारों नाबालिगों को सुरक्षित रूप से संबंधित चाइल्डलाइन अधिकारियों को सौंप दिया गया। पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने बच्चों की सुरक्षा, बचाव और पुनर्वास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह रेलवे परिसरों और ट्रेनों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाल कल्याण एजेंसियों के साथ मिलकर लगातार कार्य करती रहेगी।

#### बंडेल स्टेशन पर ट्रैक मरम्मत कार्य के कारण ट्रेनों का अस्थायी संचालन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन में बंडेल स्टेशन लिमिट पर ट्रैक में रख-रखाव कार्य के कारण 20 और 21 दिसंबर को ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किए जा रहे हैं। इस कार्य के लिए 20 दिसंबर की रात 11:30 बजे से 21 दिसंबर की सुबह 5:30 बजे तक कुल छह घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लागू रहेगा। इस अवधि में कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। 20 दिसंबर को नलहाटी से चलने वाली 37557 ट्रेन, बंडेल से चलने वाली 37284 और 37558 ट्रेनें, तथा हावड़ा से चलने वाली 37289 ट्रेन रद्द रहेंगी। वहीं, 21 दिसंबर को नलहाटी से चलने वाली 37521 और बंडेल से चलने वाली 37522 ट्रेनें रद्द की गई हैं। इसके अलावा, 63501 हावड़ा-वर्दवान मेमू ट्रेन को डानकुनी मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। यह अस्थायी व्यवस्था ट्रैक में रख-रखाव के काम को सुरक्षित रूप से पूरा करने और ट्रेन संचालन को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए की जा रही है।

#### फोर्टिस कोलकाता ने दुर्लभ, दवा-प्रतिरोधी संक्रमण से पीड़ित गंभीर रूप से बीमार प्री-टर्म शिशु की जान बचाई

**कोलकाता :** उन्नत नवजात चिकित्सा और क्लिनिकल विशेषज्ञता का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए फोर्टिस अस्पताल आनंदपुर ने 35 सप्ताह की गर्भावधि में जन्मे एक गंभीर रूप से बीमार प्री-टर्म शिशु का सफलतापूर्वक इलाज कर उसे अस्पताल से छुट्टी दी। शिशु गंभीर श्वसन संकट और एक दुर्लभ, बहु-दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरियल संक्रमण से जूझ रहा था। फोर्टिस अस्पताल आनंदपुर की कंसल्टेंट - पीडियाट्रिक्स एवं नियोनैटोलॉजी, डॉ. सुमिता साहा के नेतृत्व में बहु-विषयक एनआईसीयू टीम ने समय पर, समन्वित और गहन देखभाल प्रदान कर शिशु को नया जीवन दिया। मामले का विवरण साझा करते हुए डॉ. सुमिता साहा ने कहा, यह हमारे द्वारा संभाले गए सबसे चुनौतीपूर्ण नवजात मामलों में से एक था। गंभीर श्वसन संकट के साथ दुर्लभ, बहु-दवा-प्रतिरोधी संक्रमण और हृदय संबंधी जटिलताओं ने स्थिति को बेहद गंभीर बना दिया था। हमारी एनआईसीयू टीम का सामूहिक प्रयास, समय पर किए गए हस्तक्षेप और शिशु व उसके माता-पिता की असाधारण दृढ़ता ने इस रिकवरी को संभव बनाया। फोर्टिस अस्पताल कोलकाता के फैसिलिटी डायरेक्टर आशीष मुखर्जी ने कहा, यह भावनात्मक रूप से प्रेरक सफलता की कहानी सहानुभूति और क्लिनिकल उत्कृष्टता के साथ उन्नत नवजात देखभाल प्रदान करने के प्रति फोर्टिस अस्पताल आनंदपुर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह मामला अस्पताल की अत्याधुनिक चिकित्सकीय क्षमताओं और हर नवजात-चाहे वह कितना भी नाजुक क्यों न हो-को जीवन का सर्वोत्तम अवसर देने के हमारे मिशन का प्रमाण है।

#### मालदह डिवीजन ने सर्दियों में ट्रेनों की सुरक्षित संचालन के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ाए



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह डिवीजन ने सर्दियों के मौसम के आगमन और कोहरे की संभावनाओं के मद्देनजर ट्रेनों के सुरक्षित और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल को और अधिक सख्त कर दिया है। यह पहल डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में की गई है। डिवीजन ने विशेष रूप से कोहरे प्रभावित क्षेत्रों जैसे मालदह टाउन-जंगिपुर रोड, मालदह टाउन-साहिबगंज-भागलपुर-जमालपुर-किउल, भागलपुर-गोडा और भागलपुर-डुमका में नियमित रात के फुटप्लेट निरीक्षण शुरू किए हैं। मुख्य लोको इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर्स और ब्रांच ऑफिसर्स लगातार इन निरीक्षणों में संलग्न हैं ताकि वास्तविक समय में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। मालदह डिवीजन में कुल 347 डिवाइस सक्रिय हैं। कोहरे में अधिकतम गति को 60 से बढ़ाकर 75 किमी प्रति घंटे तक किया गया है, जिससे सुरक्षा के साथ-साथ कार्यकुशलता भी सुनिश्चित हो सके। सर्दियों की तैयारी में कोहरे वाले क्षेत्रों में पर्याप्त डेटोनेटर की व्यवस्था, सिग्नल बोर्ड, विसल/कौशन बोर्ड और लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर ल्यूमिनस स्ट्रिप से पेंटिंग और टेल लैंप को एलईडी फ्लैशर लाइट्स से अपग्रेडेशन शामिल हैं। वरिष्ठ इंजीनियरिंग अधिकारी 247 निगरानी कर रहे हैं, ट्रैक मेंटेनर्स नाइट पेट्रोलिंग कर रहे हैं और कीमेन सुबह की पेट्रोलिंग करते हैं, सभी गतिविधियों का जीपीएस से मॉनिटरिंग हो रहा है। लोको पायलट्स को गति नियंत्रित करने, लेवल क्रॉसिंग पर विस्टलिंग बढ़ाने और आवश्यक होने पर कुछ सेवाओं को रद्द करने का निर्देश दिया गया है।

#### रतनगढ़ नागरिक परिषद की नयी कार्यकारिणी का गठन

**कोलकाता :** कर्मभूमि बंगाल से लेकर जन्मभूमि रतनगढ़ तक सेवा-यात्रा की स्वर्ण जयन्ती मना चुकी रतनगढ़ नागरिक परिषद कोलकाता की नयी कार्यकारिणी का गठन हाल ही में किया गया। संस्था के संयुक्त सचिव महेश भुवालका ने बताया कि नयी कार्यकारिणी का कार्यकाल 2027 तक रहेगा। सर्वसम्मति से गठित नयी टीम में प्रदीप सराफ- अध्यक्ष, तुलसी दुगड़, अशोक भुवालका-संयुक्त उपाध्यक्ष, सुरेश केडिया-मंत्री, महेश भुवालका-संयुक्त मंत्री, लूणकरण सुरेका-उपसचिव, विश्वम्भरदयाल सराफ-कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। कार्यकारिण समिति में सर्वश्री विश्वनाथ भुवालका, मुरारीलाल शर्मा, गिरिश सोनी, शिवकुमार चौधरी, श्यामलाल अग्रवाल, मनीष धारीवाल, बालमुकुन्द सराफ, सुरेश बीदासरिया, अंजनी धानुका, आनन्द चांदगोठिया, द्वारका प्रसाद खेतान, विकास सांखोलिया, हुलास दुगड़, सत्यनारायण पेड़ीवाल, रवि सुरेका, राहुल सराफ, विनय चांदगोठिया, श्वेता चांदगोठिया के नाम शामिल हैं। संरक्षक मण्डल में सर्वश्री भरत जालान, भरत बाजोरिया, निर्मल लोहिया, शिशिर बाजोरिया, काशीप्रसाद झंवर तथा रतनगढ़ की लोकल कमिटी में रजनीकान्त सोनी, प्रताप बोथरा व कुलदीप चौधरी शामिल किए गए हैं।

## बाबूघाट बस स्टैंड से 103 ग्राम हेरोइन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता :** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस ने बाबूघाट बस स्टैंड से बड़ी सफलता हासिल की है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर 18 दिसंबर को मैदान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूघाट बस स्टैंड पर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ पकड़ा, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बापी ठाकुर उर्फ दूधनाथ ठाकुर (46) के रूप में हुई है। वह चितपुर थाना क्षेत्र के लॉक गेट रोड का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 103 ग्राम भूरे रंग का पाउडरनुमा पदार्थ, जिसे हेरोइन बताया जा रहा है, बरामद किया। आरोपी इस मादक पदार्थ के संबंध में कोई संतोषजनक



जवाब नहीं दे सका। इसके अलावा उसके पास से एक मोबाइल फोन और 600 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। मोबाइल फोन में मौजूद संपर्कों और अन्य जानकारियों की तस्वीरें आगे की जांच के लिए सुरक्षित की गई हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी उक्त हेरोइन को लेकर ओडिशा के पारादीप जाने वाली बस पकड़ने की फिराक में था, जहां इसकी डिलीवरी दी जानी थी। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि उसने यह मादक पदार्थ बनगांव इलाके के एक व्यक्ति 'बापी' से प्राप्त किया था। इस संबंध में पुलिस आगे की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

पूरी तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी की प्रक्रिया वीडियोग्राफी के माध्यम से, सरकारी अधिकारी और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की गई। नारकोटिक सेल, डीडी की एल/एसआई कुहेली सरकार की लिखित शिकायत के आधार पर मैदान थाना कांड संख्या 90, दिनांक 19.12.25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी को आज बिचार भवन स्थित एनडीपीएस कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस हिरासत की मांग की जाएगी। जांच जारी है।

## मुर्शिदाबाद में आदिवासी महिला से सामूहिक दुष्कर्म, टीएमसी नेता समेत दो गिरफ्तार

**❑ आरोपितों ने अगवा कर लगातार तीन दिनों तक की दरिंदगी**

**❑ पीड़िता गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि**

**कोलकाता :** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में एक आदिवासी महिला को अगवा कर उसके साथ लगातार तीन दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस घटना में स्थानीय पंचायत के सदस्य व तृणमूल नेता समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सामूहिक दुष्कर्म के प्रारंभिक सुबूत



मिले हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे रेलवे स्टेशन के पास के इलाके से अगवा कर तीन दिनों तक एक सुनसान घर में रखा गया। वहां उसे अकल्पनीय यातनाएं दी गईं। उसे पीटा भी गया। गत बुधवार को वह किसी तरह घर की टूटी खिड़की से भाग निकली। घर लौटने पर उसने पड़ोसियों को पूरी घटना बताई। पड़ोसियों की मदद से उसने बहरमपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसी दिन दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## घर को समझें अपना प्रेम-मंदिर:आचार्य सुधांशु महाराज

**कोलकाता, समाज्ञा**

जब तक हम अपने जीवन और लक्ष्य को नहीं पहचानेंगे तब तक हम भटकते रहेंगे। भटकाव की स्थिति में हमारी समस्याएं जड़वत खड़ी की खड़ी ही रहती है। इस उबरना है तो गुरु के सान्निध्य व कृपा से अपने शरीर में स्थित तीन चक्रों को जागृत करने की जरूरत हैं। जब ये जागृत हो जाएंगे तो आपमें सृजनात्मकता और निर्भयता की शक्ति आ जातीती है। जीवन में अनुशासन व नेतृत्व क्षमता आती है। हमारा चैतन्य जागृत हो जाता है। अपने घर को प्रेम-मंदिर समझना चाहिए। घर में माता-पिता को सम्मान देना चाहिए और उनसे आशीर्वाद पाने का प्रयास करना चाहिए। वे अपने बच्चों के लिए सुख-शान्ति और उन्नति के लिए तपते रहते हैं, प्रभु से प्रार्थना करते हैं। मां आपका पोषण करती है। आपके मांग को पहले ही पहचान जाती है। पिता सुबह से शाम तक





व्यासपीठ पर आसीन आचार्यसुधांशु महाराज को माल्यार्पण करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल नायक

दौड़ता है कमाने के लिए ताकि कोई आपको अभाव न हो। पिता घर के छत के पीलर होते हैं। माता-पिता के गुस्से को मत देखिए। देखना हो तो उनके गुस्से भी छिपे प्यार-दुलार को देखिए।

ये बातें विश्व जागृति मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में दिव्य पाठशाला में बोलते हुए आचार्य सुधांशु महाराज ने साइंस सिटी सभागार में कही। प्रात:कालीन प्रवचन में उन्होंने कहा कि आनंद हमारा मौलिक स्वभाव है। मनुष्य जीवन दुर्लभ है, यह मिला है तो आनंद पाने के लिए। आनंद स्वरूप ही तो परमात्मा है। जो जीवन मिला है उसके लिए प्रभु को धन्यवाद करना चाहिए। धन्यवाद का सरल मार्ग है प्रभु का स्मरण और भजन। आप अपनी चेतना को परमात्मा से जोड़ेंगे तो मालूम होगा जो आपके पास है वह ईश्वर का प्रसाद है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमौख रामलाल नायक, प्रशांतजी, राधेश्याम गोयनका, इंदु-सुशील गोयनका, आरके मोदी, कमल सराफ, लक्ष्मण अग्रवाल, विजय लोहिया, दीपक मिश्र, राम कथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन दुर्गा व्यास ने किया। मौके पर धीरज अग्रवाल ने बताया कि दिव्य पाठशाला के अलावा शनिवार को रक्तदान शिविर व सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया है।

### जीकेबी ऑप्टिकल्सश लेकर आया 'वेडिंग एडिट सीज़न 5'

**कोलकाता :** जीकेबी ऑप्टिकल्स ने इस वेडिंग सीज़न को और भी खास बनाने के लिए अपने सिग्नेचर शोकेस 'द वेडिंग एडिट सीज़न 5' के साथ धमाकेदार वापसी की है। अपने पाँचवें संस्करण में, यह 'लग्ज़री ट्रंक शो' अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रहा है। पाँच शहरों में सजेगा यह खास 'क्यूरेटेड शोकेस'; कारीगरी, फैशन और शादी की भव्यता का होगा अनोखा संगम । जीकेबी ऑप्टिकल्स की डायरेक्टर, प्रियंका गुप्ता ने कहा, वेडिंग एडिट का यह पाँचवां सीज़न हमारे लिए बेहद खास है। हर साल हमारी कोशिश रहती है कि हम आईवियर की शॉपिंग को एक यादगार अनुभव बनाएं-जहाँ बेहतरीन कारीगरी और जश्न का मिलन हो। इस सीज़न का कलेक्शन अब तक का हमारा सबसे 'एक्सक्लूसिव' कलेक्शन है और हमें बेसब्री से इंतज़ार है कि ग्राहक इसे देखें और महसूस करें।

## एकल श्रीहरि सत्संग समिति के पंचदिवसीय 'श्री मीरा चरित्र' कथा सम्पन्न

**❑ राजा के पाप-पुण्य प्रजा को भोगने पड़ते हैं : श्री गौरदास जी महाराज**

**कोलकाता :** 'शासक का बहुत बड़ा महत्व होता है राष्ट्र के संचालन में। राजा के पापों को प्रजा को भोगना पड़ता है। राजा यदि धर्मात्मा होता है तो फिर प्रजा भी धर्मात्मा होती है। लेकिन राजा यदि अधर्मी हो जाय तो उसका प्रभाव प्रजा पर भी पड़ता है। माता-पिता के किये हुए पाप कर्म को उनकी संतान भी किसी अंश में भोगती है और माता-पिता के लिए पुण्य को सत्कर्म को भी संतान किसी अंश में ग्रहण करती है।' ये उद्गार श्री गौरदास जी महाराज ने एकल श्रीहरि सत्संग समिति, कोलकाता की ओर से आयोजित पंचदिवसीय 'श्री मीरा चरित्र' के पंचम व विश्राम दिवस की कथा सुनाते हुए व्यक्त किये। महाराजश्री ने श्री मीरा की अगाध कृष्ण भक्ति की मर्मस्पर्शी व्याख्या करते हुए कहा कि भक्त के जीवन का एक गुण होता है -



भक्त कभी अभद्र नहीं होता, भक्त सौम्य होता है, सहनशील होता है पर साथ में भक्त निर्भय भी होता है। संसार में तो किसका भय होगा, काल का भी भय नहीं होता। संसार में जो लोग कहते है मैं किसी से नही डरता वो झूठ बोलते है। बिना भक्ति के तो निर्भयता आ ही नहीं सकती। जरा ट्रैफिक पुलिस वाला पकड़ ले और चालान की कॉपी निकाल ले तो उसी के हाथ जोड़ने लग जायेंगे, जरा माल की गाड़ी पकड़ी गई तो किसी सरकारी अधिकारी के पैर में भी गिरने को तैयार हो जायेंगे, घर में,परिवार में कोई प्रतिकूलता हो गई तो घबरा जायेंगे और कहीं अपने ही शरीर में कोई असाध्य रोग हो जाये, जीवन पर बाधा आ जाय तो बिलकुल साहस छोड़ बैठेंगे और वैसे कहेंगे हम किसी से नहीं डरते तो यह बात झूठी है, उदंडता है क्योंकि भक्ति के बिना निर्भयता नहीं आ सकती। निर्भय तो भक्त ही होता है। महाराजश्री ने यह भी कहा कि माता-पिता और गुरु की हर आज्ञा मानने योग्य है पर भगवान के भजन से विमुख करते है तो संतान को माता-पिता-गुरु की वो बात नहीं माननी है। इस संदर्भ में महाराजश्री ने उदाहरण के तौर पर कहा कि राजा बलि ने गुरु शुक्राचार्य की बात नहीं मानी, विभीषण जी ने अपने भाई की बात नहीं मानी त्याग कर दिया, भरत जी ने अपनी माँ का त्याग कर दिया, ब्रज गोपिकाओं ने अपने पति का त्याग कर दिया, प्रह्लाद जी ने पिता का त्याग कर दिया और गोस्वामी तुलसीदास जी कहते है इसके बावजूद भी उन सबका मंगल हुआ अमंगल नहीं हुआ।

कथा प्रारम्भ से पूर्व वनबंधु परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ सज्जन कुमार बंसल, कथा के मुख्य यजमान श्री मनोज बेसवाल सहित सर्वश्री रमेश कुमार सरावगी, रमेश कुमार माहेश्वरी, महेन्द्र अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, प्रदीप गोयनका, सुनील गोयल, शंकरलाल-निर्मला अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अमित तुलस्यान, महेन्द्र प्रसाद जैन, रमेश सोंथालिया, मधु लोढा, रविन्द्र प्रदीप दारुका , बुलाकीदास मिमानी, नितिन सिंघी, विकास पोद्दार, मनोज कुमार चेतानी, नीरज हाडोदिया, महेश भुवालका, शंकरलाल पोद्दार, गिरधारीलाल चुग, प्रमोद तोदी, सीमा तोदी, रतनलाल अग्रवाल, राजकुमार मित्तल, भंवरलाल मिमानी, विष्णु मित्तल, अनिता ठक्कर, सुरेश धानुका, जगदीश उपरेती, वंदना गुप्ता, स्वाति अग्रवाला, प्रशांत साऊ, प्रकाश महतो, बाप्पा हलदर आदि यजमानों व गणमान्य लोगों ने महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम का भावपूर्ण संचालन समिति के उपाध्यक्ष सुभाष मुरारका ने किया। वनवासी बंधुओं की सेवा का महायज्ञ और विस्तार के साथ अनवरत जारी रखने के सत-संकल्प के साथ यह पंच दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ।

# एसआईआर : हटाए गए मतदाताओं के मुकाबले नए आवेदन बेहद कम



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सामने आए आंकड़ों ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 16 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आए आवेदनों की संख्या, पिछली सूची से हटाए गए मतदाताओं के मुकाबले बेहद कम है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पहले चरण में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए कुल तीन लाख 24 हजार 800 आवेदन मिले हैं। इसके मुकाबले अक्टूबर 2025 की पिछली मतदाता सूची से 58 लाख 20 हजार 899 नाम हटाए गए हैं। यह अंतर काफी बड़ा माना जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि नए पंजीकरण के आवेदन उन 30 लाख 59 हजार 273 अनमैप्ड मतदाताओं की संख्या के सामने भी नगण्य हैं, जिनका 2002 की मतदाता सूची से कोई सीधा संबंध नहीं पाया गया है। वर्ष 2002 में ही राज्य में आखिरी बार इस तरह का विशेष गहन पुनरीक्षण हुआ था। इन मतदाताओं का नाम न तो स्व-मैपिंग से और न ही संतान-मैपिंग से जुड़ पाया है।

नए पंजीकरण के लिए भरे गए फॉर्म-6 में 18 साल की उम्र पूरी कर चुके नए मतदाता शामिल हैं, साथ ही वे लोग भी हैं जिन्होंने अपना मतदाता क्षेत्र बदलने के लिए आवेदन किया है। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि फॉर्म-6 जमा करने के लिए अभी पर्याप्त समय बचा हुआ है।

बताया गया है कि अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को जारी की जाएगी। इसी के साथ चार नवंबर से शुरू हुआ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान समाप्त होगा। इसके बाद निर्वाचन आयोग राज्य में होने वाले अहम विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा।

इस बीच निर्वाचन आयोग ने साफ कर दिया है कि ड्राफ्ट सूची में नाम का होना, चाहे वह स्व-मैपिंग या संतान-मैपिंग के जरिए ही क्यों न दर्ज हुआ हो, अंतिम सूची में नाम बने रहने की गारंटी नहीं है। आयोग ने इस पुनरीक्षण के दौरान 1.60 करोड़ मतदाताओं के मामलों में परिवार से जुड़े अजीब और संदिग्ध आंकड़े पाए हैं।

इन संदिग्ध मामलों में कई मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा और उनसे उनके पारिवारिक विवरण में पाई गई गड़बड़ियों पर जवाब मांगा जाएगा। इन मामलों में ऐसे मतदाता भी शामिल हैं जिनके पिता और माता का नाम एक ही दर्ज है, ऐसे लोग जो 15 साल या उससे कम उम्र में पिता बनते दिखाए गए हैं, और ऐसे मतदाता जो 40 साल या उससे कम उम्र में दादा बनते पाए गए हैं। एक मामला ऐसा भी सामने आया है, जिसमें किसी व्यक्ति को पांच साल की उम्र में दो बेटों का पिता बताया गया है।

## एसआईआर सुनवाई सत्रों में अतिरिक्त सहायता के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने निर्वाचन आयोग से मांगी अनुमति

**कोलकाता : पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दावों और आपत्तियों की सुनवाई प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने भारत निर्वाचन आयोग से अतिरिक्त व्यवस्था की अनुमति मांगी है। कार्यालय का प्रस्ताव है कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ-साथ सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को भी सुनवाई सत्रों में शामिल किया जाए। 16 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद यह तय किया गया था कि राज्य की 294 विधानसभा सीटों में प्रत्येक क्षेत्र में 10 ईआरओ सुनवाई करेंगे। लेकिन सीईओ कार्यालय के अनुसार, कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक होने के कारण केवल ईआरओ के जरिए सभी मामलों की सुनवाई करना व्यवहारिक रूप से कठिन हो सकता है। इसी कारण यह सुझाव दिया गया है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 ईआरओ के साथ 10 एईआरओ भी सुनवाई प्रक्रिया में सहयोग करें, जिससे दावों और आपत्तियों का निपटारा समयबद्ध तरीके से हो सके। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की संभावना है।**

## एसआईआर सुनवाई में माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे केवल केंद्र सरकार के अधिकारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दूसरे चरण के तहत होने वाली मतदाता सूची संबंधी सुनवाई के लिए चुनाव आयोग ने यह तय किया है कि माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में केवल केंद्र सरकार के अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। आयोग के निर्देश के अनुसार ये अधिकारी केंद्र सरकार, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से होंगे और उनका पद समूह 'बी' या उससे ऊपर का होगा। माइक्रो ऑब्जर्वर का दायित्व यह सुनिश्चित करना होगा कि दावों और आपत्तियों की सुनवाई चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप और निष्पक्ष तरीके से हो। ये अधिकारी आयोग द्वारा नियुक्त विशेष रोल ऑब्जर्वर की निगरानी में काम करेंगे, जो एसआईआर की पूरी प्रक्रिया की समीक्षा कर रहे हैं। जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को विशेष रोल ऑब्जर्वर तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की सुरक्षा और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी कराई जाएगी।

## ये अयोध्या नहीं, जो बाबरी मस्जिद को कोई हाथ लगा दे : हुमायूं कबीर

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि यह अयोध्या नहीं, मुर्शिदाबाद जिले में प्रस्तावित मस्जिद को कोई छू नहीं सकता। फरवरी में तैयारियां शुरू हो जाएंगी और तीन साल में मस्जिद पूरी हो जाएगी। हुमायूं ने कहा कि मेरा बाबर से कोई लेना-देना नहीं है। मैंने इसका नाम बाबरी मस्जिद इसलिए रखा क्योंकि लोगों को आज भी दर्द होता है। तमाम समर्थकों और दानदाताओं से 20 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं और यह रकम पूरी तरह से मस्जिद के लिए इस्तेमाल की जाएगी। हर हफ्ते यहां शुक्रवार की नमाज पढ़ी जाएगी और लाखों ईंटें पहले ही आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव के दौरान जय श्री राम बोलना सही है, तो अल्लाह हू अकबर बोलना भी सही है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**हुगली :** हुगली जिले के धनियाखाली थाना अंतर्गत काना नदी मनसातला के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक से जा रहा युवक अनियंत्रित होते हुए सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया। खबर मिलते ही धनियाखाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को बरामद कर धनियाखाली स्टेट जनरल अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृत युवक धनियाखाली थाना क्षेत्र के झुलनतला इलाके का निवासी था।

**सियालदह मंडल के तहत ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, सियालदह मंडल के तहत मुड़ागाछा और बेथुयाडहरी स्टेशनों के बीच अप लाइन पर दिनांक **20/21.12.2025 (शनिवार/रविवार)** की मध्यवर्ती रात को और मुड़ागाछा स्टेशन में अप एवं डाउन लाइनों पर दिनांक **21/22.12.2025 (रविवार/सोमवार)** एवं **दिनांक 22/23.12.2025 (सोमवार/मंगलवार)** की मध्यवर्ती रात को **4 घंटे (23.15 बजे से 03.15 बजे तक)** के लिए **पावर और ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, **53181 अप सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन** [यात्रा शुरू दिनांक 20.12.2025 (शनिवार), 21.12.2025 (रविवार) और 22.12.2025 (सोमवार)] सियालदह से 1 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी और कृष्णपुर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेनें विलंब से चल सकती हैं। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से [**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के अधिकार क्षेत्र के लिए] ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **एनआईटी संख्या: 208_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** कोन्नगर, रिसड़ा, श्रीरामपुर एवं सेवड़ाफुली स्टेशनों पर 40 केएलडी क्षमता के एसटीपी कम रीसाइक्लिंग संयंत्र की स्थापना एवं शुरुआत तथा 02 वर्षों के लिए परिचालन एवं रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 29,41,455.89। **बयाना राशि:** ₹ 58,800। **पूरा करने की अवधि:** 03 (तीन) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **एनआईटी संख्या: 209_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न लोकेशनों पर रिले रूम का सुधार एवं जीर्णोद्धार। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,05,39,650.94। **बयाना राशि:** ₹ 2,02,700। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छह) महीना। **क्रम संख्या:** 3। **एनआईटी संख्या: 210_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के खंड में बेलुड़, बाली, उत्तरपाड़ा, कोन्नगर, रिसड़ा, श्रीरामपुर, बैंडेल, मगरा और खन्यान में गैंग हट का निर्माण। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,04,69,219.33। **बयाना राशि:** ₹ 2,52,400। **पूरा करने की अवधि:** 08 (आठ) महीना। **क्रम संख्या:** 4। **एनआईटी संख्या: 211_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में आरपीएफ/मुख्यालय/लिलुआ के अधीन आरपीएफ बैरक, सेवा भवन, आरपीएफ प्ले ग्राउंड, वाइट हाउस आदि की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार। **अनुमानित लागत:** ₹ 49,23,167.98। **बयाना राशि:** ₹ 98,500। **पूरा करने की अवधि:** 03 (तीन) महीना। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य ( क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.12.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-468/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## बांग्लादेश में हालात के पीछे कट्टरपंथियों का हाथ : शमिक भट्टाचार्य

- **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा- केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय स्थिति से उचित ढंग से निपट रहे हैं**
- **कहा- बांग्लादेश में कट्टरपंथ और चरमपंथ कैंसर की तरह फैल रहा है**

**कोलकाता :** बंगाल भाजपा के अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने शुक्रवार को बांग्लादेश की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पड़ोसी देश में घटनाक्रम के पीछे कट्टरपंथियों का हाथ है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि स्थिति पर उनका नियंत्रण है।

भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय स्थिति से उचित ढंग से निपट रहे हैं तथा वे उसी अनुरूप जवाब देंगे। राज्यसभा सदस्य ने संवाददाता सम्मेलन में बांग्लादेश की स्थिति से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि बांग्लादेश में कट्टरपंथ और चरमपंथ कैंसर की तरह फैल रहा है। सभी सही सोच वाले लोगों को इस खतरे से लडऩे के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1980 के दशक से ही बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें अपनी जड़ें फैला रही हैं। यह हदें पार कर चुकी हैं। जैसा कि कल रात देखा गया, स्वतंत्र विचारक और उदारवादी व्यक्ति भी हमलों का शिकार हो रहे हैं। पूरी दुनिया कट्टरपंथ का खामियाजा भुगत रही है। एक राष्ट्रवादी सरकार और पार्टी ही इन चुनौतियों का सामना कर सकती है।

जुलाई विद्रोह के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद शुक्रवार को बांग्लादेश में तनाव फैल गया, जिस वजह से देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन, हिंसा और तोडफ़ोड़ हुई। हालांकि, सुबह हिंसा की कोई घटना सामने नहीं आई लेकिन प्रदर्शनकारियों को बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के आवास, 32 धानमंडी की पहले से ही ध्वस्त इमारत में तोडफ़ोड़ करते देखा गया। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस द्वारा राष्ट्र को संबोधित एक टेलीविजन भाषण में इंकलाब मंच के नेता हादी की मौत की पुष्टि किये जाने के बाद गुरुवार रात को चटगांव स्थित भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास पर पथराव सहित देश के विभिन्न हिस्से हमलों और तोडफ़ोड़ की घटनाओं से दहल गए।

## मेसी के दौरे पर काले धन का साया, कोयला घोटाले से जुड़े तार, ईडी ने शुरू की जांच

### 100 करोड़ के वित्तीय भ्रष्टाचार का संदेह

**कोलकाता :** अर्जेंटीना के विख्यात फुटबालर लियोन मेसी के भारत दौरे के आयोजन में कोयला तस्करी के काले धन का इस्तेमाल होने का संदेह गहरा गया है। ईडी ने प्रारंभिक जांच के आधार पर दावा किया है कि इस भव्य आयोजन के पीछे अवैध वित्तीय लेनदेन की बड़ी भूमिका हो सकती है। आयोजन से जुड़ी मुख्य संस्था पहले से ही कोयला घोटाले में ईडी की रडार पर है। इसी के मद्देनजर ईडी ने पिछले सप्ताह शनिवार को साल्टलेक के युवा भारती मामले में ईसीआइआर दर्ज कर आधिकारिक जांच शुरू कर दी है। ईडी सूत्रों के अनुसार, बिधाननगर दक्षिण थाने में दर्ज राज्य पुलिस की दो एफआइआर के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जांचकर्ताओं का दावा है कि इस आयोजन में लगभग 100 करोड़ रुपये का वित्तीय भ्रष्टाचार होने के संदेह है। आरोप है कि मेसी के दौरे के बहाने आयोजक और सहयोगी संस्थाओं के अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर अवैध लेनदेन किया। मुख्य आयोजक शतद्रु दत्ता फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। ईडी जल्द ही उन्हें जेल में पूछताछ के लिए अदालत से अनुमति मांगेगी।

**मनी लांड्रिंग का शक**

जांचकर्ताओं का मानना है कि कोयला तस्करी से अर्जित काले धन को विभिन्न मुखौटा कंपनियों के माध्यम से मेसी के दौरे में निवेश कर 'सफेद' करने की कोशिश की गई। मात्र 12-14 घंटों के भीतर करीब 70-80 करोड़ रुपये का अवैध लेनदेन किया गया। एक सहयोगी कंपनी, जिसके तार 2020 के कोयला तस्करी मामले से जुड़े हैं, ने करोड़ों का अग्रिम निवेश किया था। ईडी के अनुसार, मेसी के साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए 10 से 30 लाख रुपये तक लिए गए, जिसका कोई आधिकारिक रिकार्ड नहीं है। इसके अलावा, टिकटों की बिक्री में भी भारी विसंगतियां पाई गई हैं। स्टेडियम की क्षमता एक लाख से अधिक होने के बावजूद, आयोजकों ने केवल 50 प्रतिशथ टिकट बिक्री का दावा किया और बाकी को 'मुफ्त पास' बताया। ईडी का मानना है कि यह भारी वित्तीय नुकसान जानबूझकर दिखाया गया ताकि काले धन को खपाया जा सके।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-29-25, दिनांक 17.12.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-29-25। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन ईएमयू सीएस/बैंडेल में एसीडब्ल्यूपी एटी के निर्माण के सम्बन्ध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 6,96,610.90। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 13,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 03 (तीन) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरे/स्पेसिफिकेशन के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(HWH-471/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कोलकाता के बड़ाबाजार वार्ड 45 में बढ़ता जल संकट, नगर निगम ने समाधान योजना बनाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के बड़ाबाजार वार्ड संख्या 45 में जल संकट की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। हाल ही में कोलकाता नगर निगम के मासिक अधिवेशन में वार्ड पार्षद संतोष कुमार पाठक ने प्रश्नकाल में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने बताया कि चाइना मार्केट, ब्रैबोर्न रोड, बोनफील्ड लेन, सिनेगो स्ट्रीट, चुरा मार्केट सहित कई क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति लगातार कम होती जा रही है। इस कमी के कारण न केवल वार्ड के निवासी परेशान हैं, बल्कि हर कार्य दिवस इन क्षेत्रों में अपनी आजीविका के लिए आने वाले लोगों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

पार्षद ने पूछा कि इन क्षेत्रों में जल पाइपलाइन की मरम्मत कब पूरी होगी और समस्या का समाधान होने में कितना समय लगेगा। इस पर मेयर फिरहाद हकीम ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी है। उन्होंने बताया कि वार्ड की जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ बड़ाबाजार के व्यवसायिक हब और कार्यालयों की संख्या में भी वृद्धि हुई है, जिससे रोजाना हजारों लोग यहां आते हैं। मेयर ने कहा कि ब्रैबोर्न रोड के कनेक्शन से वर्तमान में जलापूर्ति होती है। उन्होंने यह भी बताया कि अगले साल जनवरी में तीरहट्टी बाजार क्षेत्र में नगर निगम की नई वाटर कनेक्शन लाइन तैयार की जाएगी। इस नए कनेक्शन के पूरा होने के बाद पानी का फ्लो बढ़ेगा और वार्ड में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगले साल से वार्ड के लोगों को इस समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## दोस्ती के नाम पर धोखा,व्यवसायी की हत्या के मामले में दोस्त को उम्रकैद

- **आठ अक्टूबर, 2022 को मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर थाना क्षेत्र में हुई थी हत्या**

**कोलकाता :** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक चौंकाने वाले मामले में, कांदी की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अपने ही दोस्त की हत्या के दोषी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा के साथ-साथ अदालत ने दोषी पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसे न भरने पर उसे एक महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। यह घटना आठ अक्टूबर, 2022 की सुबह भरतपुर थाना क्षेत्र में हुई थी। 47 वर्षीय व्यवसायी काजल दत्त अपने दोस्त और पड़ोसी सुमंत सेन के साथ प्रातःभ्रमण पर निकले थे। पुलिस के अनुसार, जब वे संधिपुर क्षेत्र से गुजर रहे थे, तब काजल पर घातक हमला हुआ।

हमलावरों ने धारदार हथियारों से उन पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। काजल की पत्नी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती पूछताछ में ही पुलिस को सुमंत के बयानों में काफी विरोधाभास मिला। मुर्शिदाबाद जिला पुलिस की 'ट्रायल मानिटरिंग सेल' की कड़ी निगरानी में जांच तेजी से आगे बढ़ी। जांच में खुलासा हुआ कि सुमंत ने व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता और आपसी रंजिश के चलते अपने दोस्त की हत्या की साजिश रची थी।

**अदालत का फैसला**

फॉरेंसिक रिपोर्ट और चश्मदीदों की गवाही के आधार पर यह साबित हुआ कि सुमंत ने योजनाबद्ध तरीके से काजल की हत्या करवाई थी। अदालत ने उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाया। सरकारी वकील सुनील चक्रवर्ती ने कहा कि दोस्ती का फायदा उठाकर पीछे से वार किया गया था। अदालत ने सभी सबूतों को देखते हुए न्याय किया है। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने इस न्याय का श्रेय पुलिस की सक्रियता और सही मानिटरिंग को दिया है।

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender are hereby invited from the bonafied and resourceful bidders vide **NIT No-349/15th/Jangipara/25-26** for 15 nos. works, **Date-18.12.2025** by the undersigned through Online mode (**https://wbtenders.gov.in**). Last date of submission of online bid on **13 Jan 2026 11:00 Hrs.**

**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Jangipara Development Block**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एमसी-कोच-लॉक-एचडब्ल्यूएच-25, तारीख: 18.12.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (चार्जिंग एंड टी/सेट), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पश्चिम बंगाल, पिन-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे के हावड़ा प्लेटफॉर्म पर मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर ट्रेनों के कोचों को 3 वर्षों की अवधि के लिए लॉक और अनलॉक करना। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,40,66,317.44। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 2,20,300। **अनुबंध की अवधि:** कार्य शुरू होने की तारीख से 36 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹5,000। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in। बोली बंद होने की तारीख और समय:** 09.01.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक।

(HWH-472/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 17.12.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, दूसरी मंज़िल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह मंडल, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: टीएन-165-25-26। कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/ सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन सियालदह-बालीगंज, बालीगंज-कोमागाता मारु बजबज तथा चक्र रेल में बीसीएम द्वारा 40 टीकिमी. प्लेन ट्रैक तथा 50 अदद टर्नआउट की डीप स्क्रीनिंग कार्य तथा अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,54,66,332। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,27,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। इंडियन रेलवे स्टैण्डर्ड जनरल कंडीशंस ऑफ़ कॉन्ट्रैक्ट 2022 के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **13.01.2026 को अपराह्न 3.30 बजे।**

(SDAH-310/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ईडी ने आनलाइन सट्टेबाजी व जुए के रैकेट के मामले में यूट्यूबर से जुड़ी लग्जरी कारें जब्त कीं

### आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और लगभग 20 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए

**कोलकाता :** यूट्यूबर और इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर अनुराग द्विवेदी से जुड़े एक कथित अवैध आनलाइन सट्टेबाजी और जुए के रैकेट के सिलसिले में ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने लखनऊ, उन्नाव और दिल्ली में 10 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई थी।

तलाशी के दौरान, ईडी ने चार महंगी लग्जरी गाडिय़ां जब्त कीं, जिनमें चार करोड़ रुपये से अधिक की शुरुआती कीमत वाली लेम्बोर्गिनी उरुस, एक मर्सिडीज कार, एक फोर्ड एंडेवर और एक महिंद्रा थार शामिल हैं। वाहनों के अलावा, आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और लगभग 20 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए। जब्त किए गए दस्तावेजों से अनुराग द्विवेदी द्वारा हवाला चैनलों के माध्यम से दुबई में किए गए कथित रियल एस्टेट निवेशों का विवरण सामने आया है। इसके अलावा, बीमा पालिसियों, फिक्स्ड डिपाजिट बैलेंस और बैंक अकाउंट बैलेंस के रूप में लगभग तीन करोड़ रुपये की चल संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है।

**सिलीगुड़ी से आनलाइन सट्टेबाजी पैनल का संचालन कर रहे थे :**

ईडी ने बंगाल पुलिस द्वारा अवैध आनलाइन सट्टेबाजी के संचालन के आरोपित कुछ व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एफआइआर के आधार पर अपनी जांच शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपित सोनू कुमार ठाकुर और विशाल भारद्वाज सिलीगुड़ी से फर्जी बैंक खातों, टेलीग्राम चैनलों और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग करके एक आनलाइन सट्टेबाजी पैनल का संचालन कर रहे थे। जांच में यह भी पता चला कि अनुराग द्विवेदी ने अवैध आनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। ईडी ने आरोप लगाया कि उसने हवाला चैनलों और बिचौलियों के खातों के माध्यम से अवैध सट्टेबाजी ऐप से उत्पन्न अपराध की धनराशि प्राप्त की। द्विवेदी पर अवैध सट्टेबाजी ऐप्स के लिए प्रचार वीडियो बनाने और प्रसारित करने का आरोप है, जिससे जनता इन प्लेटफार्मों पर दांव लगाने के लिए प्रभावित होती है।

**बैंक खातों में बड़ी मात्रा में धनराशि प्राप्त हुई**

खबरों के मुताबिक, बिना किसी वैध व्यावसायिक औचित्य के उनकी कंपनियों और परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में धनराशि प्राप्त हुई। एजेंसी ने यह भी कहा कि द्विवेदी ने अपराध से प्राप्त धन का उपयोग करके भारत के बाहर, विशेष रूप से दुबई में, अचल संपत्तियां हासिल कीं। जानकारी मिली है कि वह भारत छोडक़र दुबई में रह रहा है। उसे कई बार समन जारी किए जाने के बावजूद वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुआ है। इससे पहले, ईडी ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था और एक अगस्त, 2025 को कोलकाता की विशेष अदालत (पीएमएलए) के समक्ष अभियोग शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में 23.7 करोड़ रुपये की चल संपत्तियों को भी फ्रीज या अटैच किया गया था।

Office of the Principal
**DEBRA THANA SAHID KSHUDIRAM SMRITI MAHAVIDYALAYA**
(Government Aided, Autonomous, NAAC Accredited "A" Grade College, affiliated to Vidyasagar University)
P.O.-Chakshyampur, Dist.- Paschim Medinipur. PIN-721124. W.B. INDIA

**NOTICE INVITING TENDER**
Reference No. dtsksm/NIT74/25 dated: 19/12/2025
Tender ID-2025_DHE_976558_1

E-Tenders are invited from eligible suppliers/agencies having successfully completed similar nature of works with adequate working experience and financial capabilities. Intending bidder may download the tender documents from the website **https://wbtenders.gov.in.**

**Information about the work:**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Supply of food for 8th Regional Science and Technology Congress |
| Bid Submission Start Date. | 19/12/2025 at 11AM |
| Bid Submission End Date | 14/01/2026 at 6 pm |

Sd/- (Dr. Rupa Dasgupta) Principal
Debra Thana Sahid Kshudiram Smriti Mahavidyalaya
Chakshyampur, Debra, Paschim Medinipur.

**हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/कियोस्क**

**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा के द्वारा **हावड़ा मंडल के तहत 105 स्टेशनों पर 113 स्टॉलों (हावड़ा स्टेशन शामिल नहीं) के लिए ''एक स्टेशन एक प्रोडक्ट'' योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। • **योजना की मुख्य विशेषताएँ:- परियोजना की अवधि :** हावड़ा मंडल के तहत एक स्टेशन एक प्रोडक्ट स्टॉलों के लिए 15 दिन - 90 दिन (हावड़ा स्टेशन के स्टॉलों को छोड़कर)। **विभिन्न चिह्नित स्टेशनों पर एक स्टेशन एक प्रोडक्ट स्टॉलों की सूची:** हावड़ा मंडल के तहत बोलपुर शांतिनिकेतन, मेमारी और बर्द्धमान स्टेशनों पर प्रत्येक में 03 (तीन) स्टॉल, रामपुरहाट और जौग्राम स्टेशनों पर प्रत्येक में 02 (दो) स्टॉल और शेष 100 स्टेशनों पर प्रत्येक में 01 (एक) स्टॉल अर्थात आदिसप्तग्राम, अग्रद्वीप, अहमदपुर, अम्बिका कालना, आरामबाग, आजिमगंज जं., आजिमगंज सिटी, बागनापाड़ा, बाहिरखंड, बैद्यबाटी, बैंची, बैंचीग्राम, बालागढ़, बलरामबाटी, बलगोना, बाली, बैण्डेल, बांशबेड़िया, बारुईपाड़ा, बाजारसौ, बेगमपुर, बेहुला, बेलानगर, बेलेरहाट बेलमुड़ी, बेलुड़, भद्रेश्वर, भांडारटिकुरी, भेदिया, बिष्णुप्रिया, चंदननगर, चंदनपुर चुचुड़ा, दाँईहाट, डानकुनी, देबीपुर, दियारा, गंगाटिकुरी, गरिफा, गोबरा, गुप्तिपाड़ा, गुड़ाप, गुसकरा, हरिपाल, हाजीगढ़, हिंदमोटर, हुगली, हुगलीघाट, जनाई रोड, जिराट, कैकाला, कामारकुंडु, कटवा, खागड़ाघाट रोड, खामारगाछी, खाना, खन्यान, कोन्नगर, कुंतीघाट, लक्ष्मीपुर, लिलुआ, लोकनाथ, मधुसूदनपुर, मल्लारपुर, मानकुंडु, मसाग्राम, मायापुर, मिर्जापुर बांकीपुर, मगरा, नबद्वीपधाम, नवग्राम, नलहाटी, नालिकुल, नसीबपुर, पाकुड़, पल्ला रोड, पालसिट, पाण्डुया, पाटुली, पोराबाजार, प्रांतिक, पूर्बस्थली, राजग्राम, रसूलपुर, रिसड़ा, सांइथिया, शक्तिगढ़, सालार, समुद्रगढ़, सेवड़ाफुली जं., शिबाईचंडी, सिमलागढ़, सिंगुर, सोमराबाजार, श्रीरामपुर, तालाण्डु, तालित, तारकेश्वर, त्रिवेणी और उत्तरपाड़ा। • **पंजीकरण शुल्क:** (i) गुसकरा, अहमदपुर, भेदिया, खाना, तालित, प्रांतिक, पाकुड़, मल्लारपुर, नलहाटी, राजग्राम, सांइथिया, आजिमगंज सिटी, आजिमगंज जं., बाजारसौ, गंगाटिकुरी, खागड़ाघाट रोड और सालार स्टेशनों में स्टॉलों के लिए 15 दिनों के चरण हेतु रु.500/-(जीएसटी सहित)। (ii) शेष स्टेशनों के लिए 15 दिनों के चरण हेतु रु.1000/-(जीएसटी सहित)। • **आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल रेलवे द्वारा प्रदान किया जाएगा। (ii) 15 दिनों के चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट स्टॉल हेतु 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 15 दिनों से अधिक चरण के लिए, बिजली आनुपातिक आधार पर प्रदान की जाएगी। मूल देय सुविधा यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, वास्तविक खपत के आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। • **पात्रता मानदंड: (क)** कारीगर/बुनकर आईडी कार्ड धारक जो विकास आयुक्त-हस्तशिल्प, विकास आयुक्त-हथकरघा द्वारा या अपेक्षित राज्य/केन्द्र सरकार के प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया है। **(ख)** ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीआरआईएफईडी)/नैशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएचडीसी)/खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन (केवीआईसी) आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। **(ग)** पीएमईजीपी (प्राइम मिनिस्टर्स एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम) के साथ पंजीकृत सेल्फ हेल्प ग्रुप्स। **(घ)** हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्ग। **(ङ)** एमएसएमई मंत्रालय एवं एनजीओ के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यम से संबंधित व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि। **(च)** सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के निकायों आदि से संबंधित व्यक्ति/कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि (तथापि कोई पृथक लोगो की अनुमति नहीं दी जाएगी)। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (चतुर्थ तल), रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। • (i) उपर्युक्त स्टेशनों (हावड़ा स्टेशन को छोड़कर) पर एक स्टेशन एक प्रोडक्ट स्टॉल के लिए कागजातों के साथ विस्तृत आवेदन संबंधित स्टेशन के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय के बाहर किसी निर्दिष्ट स्थान में मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। (ii) एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, संबंधित स्टेशन पर एक स्टेशन एक प्रोडक्ट स्टॉल के लिए लॉट हेतु खुली लॉटरी/पब्लिक ड्रॉ निकाला जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में महिला को व्हाट्सऐप पर संदेश भेजने के आरोप में सिपाही निलंबित

**बलिया (उप्र):** बलिया शहर कोतवाली में तैनात एक पुलिसकर्मी को एक महिला को व्हाट्सऐप पर संदेश भेजने के आरोप में निलंबित करके मामले में जांच की संस्तुति की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बलिया शहर कोतवाली में कार्यरत आरक्षी (सिपाही) पंकज पाठक को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि आरक्षी पंकज पाठक पर बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को व्हाट्सऐप पर संदेश भेजने का आरोप है।

### झारखंड: 35 आपराधिक मामलों में वांछित नक्सली ने आत्मसमर्पण किया

**लातेहार:** झारखंड के लातेहार जिले में शुक्रवार को 35 आपराधिक मामलों में वांछित एक नक्सली ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर कुमार यादव बालूमाथ थाना क्षेत्र के भागिया गांव का निवासी है। अधिकारियों ने बताया कि आलोक प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएलएफआई) का सक्रिय सदस्य था। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया, आलोक पर एक लाख रुपये का इनाम था। लातेहार, चतरा और रांची के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कुल 35 आपराधिक मामले लंबित थे। उन्होंने बताया, यादव ने पुलिस को एक तमंचा, चार कारतूस, दो कमीजें और अन्य निजी सामान सौंप दिए। राज्य सरकार की 'नई दिशा' योजना के तहत आत्मसमर्पण करने के लिए नक्सली को एक लाख रुपये का चेक दिया गया।

### कोटा की वायु गुणवत्ता अभी भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

**कोटा:** राजस्थान के कोटा में वायु गुणवत्ता लगातार 'खराब' श्रेणी में बनी हुई है। शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में प्रदूषण का स्तर खराब रहने के बीच स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों ने निगरानी तथा प्रवर्तन उपायों में खामियों की ओर इशारा किया है। छावनी के विशाल बाजार समेत प्रदूषण के कई हॉटस्पॉट में कबाड़ की दुकानों के बाहर इलेक्ट्रॉनिक कचरा, पुराने घरेलू उपकरण, तार और टायर खुले में जलाने के कारण वायु गुणवत्ता पर दबाव बढ़ रहा है। सर्दियों के दौरान, विशेषकर दिवाली के बाद, प्रदूषण की समस्या और भी गंभीर हो जाती है। कोटा स्थित राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय अधिकारी योग्यता सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमने दिवाली के बाद कोटा नगर निगम के अधिकारियों को पत्र लिखकर प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघन के मामलों में निवारक कदम उठाने और कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया था।

### झारखंड के पश्चिम सिंहभूम में हथियार और गोला-बारूद के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**चाईबासा:** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में हथियारों और गोला-बारूद के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से दो देसी पिस्तौल, 7.65 मिमी बोर के 41 कारतूस, 9 मिमी बोर के 10 कारतूस और 8 मिमी बोर के नौ कारतूस बरामद किए गए। उपसंभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ)(किरीबुरु) अजय केरकेट्टा ने कहा कि आरोपी की पहचान जमशेदपुर के किरण महतो (24) के रूप में हुई है, जो अक्टूबर में गुआ में सामने आए डकैती के एक मामले में वांछित था। उन्होंने बताया कि इस मामले में किरण के चाचा दीपक महतो सहित पांच लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एसडीपीओ के अनुसार, बृहस्पतिवार को पुलिस को सूचना मिली कि किरण इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी रानू लोहार को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने जा रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने किरण को गुआ में बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# सपा से जुड़े हैं कोडीन कफ सिरप मामले में पकड़े गए लोगों के तार: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीन कफ सिरप के अवैध कारोबार को लेकर राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि मामले की जांच जारी है और अब तक जितने भी लोग पकड़े गए हैं, उनके तार सपा से जुड़े हुए हैं। विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले विधान भवन में प्रवेश के दौरान पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'हमारी जांच जारी है और अभी तक जितने लोग पकड़े गए हैं, उनके तार समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।' उन्होंने कहा, 'समाजवादी पार्टी पहले से ही कुख्यात रही है और इस पूरे मामले में उसकी संलिप्तता सामने आएगी।' योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'इस मामले की जांच के लिए एक राज्य स्तरीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) काम कर रही है, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस और एफएसडीए (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। किन-किन लोगों तक इस अवैध कारोबार का पैसा पहुंचा है, यह सब जांच में सामने आएगा।' सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयानों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'उनके बारे में बस यही कहूंगा-'यही कसूर मैं बार-बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।' योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'माफियाओं के साथ इनकी (अखिलेश यादव) भी तस्वीरें हैं। जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी सामने होगा।'

### विधानसभा को 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा का अवसर मिलेगा: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य की विधानसभा को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक महत्वपूर्ण चर्चा करने और इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। विधान भवन के प्रवेशद्वार पर मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, 'आज से 24 दिसंबर तक आयोजित होने वाला यह शीतकालीन सत्र सदस्यों के लिए अपने मुद्दे उठाने, उत्तर प्रदेश की जनता के हितों को आगे बढ़ाने और राज्य के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।' योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सदन में विशेष चर्चा आयोजित की जाएगी और इसके रचयिता के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना-तिथि और 'वंदे मातरम' को संविधान के अनुसार मान्यता दिए जाने की अधिसूचना की तिथि एक ही है, ऐसे में इस विषय पर विधानमंडल में चर्चा अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधानसभा में संभवतः कोई कार्यवाही नहीं होगी, क्योंकि एक विधायक के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि विधान परिषद में सदन के नेता इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पार्टी का कोई सदस्य सदन के बाहर यह मुद्दा उठाता है, तो वहां भी इसका जवाब दिया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्र के दौरान जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी, राज्य के विकास से संबंधित विधायी कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे और विभिन्न विभागों की अनुपूरक मांगों पर भी विचार किया जाएगा।

### एटा में सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने के आरोप में 48 घंटे में 400 से अधिक गिरफ्तार

**एटा :** सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने और गलत व्यवहार रोकने के मकसद से संचालित एक बड़े अभियान में, उत्तर प्रदेश के एटा जिले में पुलिस ने 'ऑपरेशन कार-ओ-बार' नाम के एक खास अभियान के तहत 48 घंटे के अंदर 402 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह जिला-व्यापी अभियान सभी पुलिस थानाक्षेत्रों में एकसाथ चलाया गया, जिसमें आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने के आरोप में मामले दर्ज किए गए। पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडेय की देखरेख में शुरू किए गए इस अभियान में शराब की दुकानों के आसपास, सड़कों के किनारे, यातायात चौराहों और दूसरी सार्वजनिक जगहों पर ध्यान दिया गया। एसपी सिटी पांडेय और पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) राजेश सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर कार्रवाई का नेतृत्व किया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक गिरफ्तारियां निधौली कलां इलाके (47) से हुईं, इसके बाद जैतरा (45), कोतवाली देहात (42) और कोतवाली नगर (40) से हुईं।

## न्यूज अपडेट

### हिजाब हटाये जाने के बाद नौकरी ठुकराने के अफवाह के बीच अधिकारी ने कहा- ड्यूटी पर आयेंगी चिकित्सक

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक कार्यक्रम में एक चिकित्सक का हिजाब हटाए जाने के बाद उनकी ओर से सरकारी नौकरी ठुकराये जाने की अफवाहों के बीच, संबंधित अधिकारी ने शुक्रवार को दावा किया कि चिकित्सक ड्यूटी जॉइन करेंगी। राज्य के सरकारी तिब्बी कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉ. महफूजुर रहमान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आयुष चिकित्सक नुसरत परवीन के परिवार ने पुष्टि की है कि वह शनिवार को ड्यूटी जॉइन करेंगी। रहमान ने कहा, मैंने परवीन के पति, रिश्तेदारों और उनके सहपाठियों से बात की है। उन्होंने बताया कि वह 20 दिसंबर को ड्यूटी जॉइन करेंगी। उन्हें पहले सरकारी तिब्बी कॉलेज एवं अस्पताल में जॉइन करना होगा और उसके बाद उन्हें उनके पदस्थापन स्थल पर भेजा जाएगा। उनके परिजनों और सहपाठियों ने मुझे भरोसा दिलाया है कि वह ड्यूटी जॉइन करेंगी। यह घटना सोमवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में उस समय हुई थी, जब आयुष चिकित्सक नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के लिए एकत्र हुए थे। व्यापक रूप से प्रसारित हुए वीडियो क्लिप के अनुसार, जब महिला चिकित्सक नियुक्ति पत्र लेने मंच पर पहुंचीं तो मुख्यमंत्री ने उनका 'हिजाब' देखा और कहा, यह क्या है और फिर हिजाब हटा दिया।

### मऊ में हमले के कुछ दिन बाद दलित व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**मऊ :** मऊ जिले के रामपुरा पुलिस थानाक्षेत्र में 25 नवंबर को हुए हमले में घायल 35 साल के एक दलित व्यक्ति की लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौत के बाद, एहतियात के तौर पर रामपुरा पुलिस थाने में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतक की पहचान बलिया जिले के उभांव पुलिस थानाक्षेत्र के आजाद नगर के रहने वाले समीर कुमार के रूप में हुई है। समीर के भाई सुमित कुमार ने आरोप लगाया था कि 25 नवंबर की शाम को, एक चार पहिया वाहन में सवार चार नामजद लोगों और दो अज्ञात व्यक्तियों ने मयारी गांव के पास एक नहर के पास समीर पर बेरहमी से हमला किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था और समीर को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर, परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और समीर को मऊ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब उसकी हालत बिगड़ी, तो उसे वाराणसी के एक ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय में स्थानांतरित किया गया, जहां बृहस्पतिवार को उसकी मौत हो गई।

### गहलोत ने बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने पर चिंता जताई

**जयपुर:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में ताजा हिंसा व हिंदुओं को निशाना बनाए जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, ''बांग्लादेश में पुनः भड़की हिंसा और वहां हिन्दू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और निंदनीय हैं।' उन्होंने कहा, 'आश्चर्य है कि भारत सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर लंबे समय से मूकदर्शक बनी हुई है। केंद्र की यह चुप्पी वहां भारत विरोधी बाहरी ताकतों को और बढ़ावा दे रही है।' उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार से आग्रह है कि वह 'वेट एंड वॉच' की नीति छोड़े और अविलंब कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।' उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं हुईं, जिससे देशभर में तनाव व्याप्त हो गया।

### पटना : घने कोहरे और शीतलहर के मद्देनजर विद्यालयों का समय बदला

**पटना:** घने कोहरे, गिरते तापमान और बढ़ती ठंड के कारण पटना जिले में आम जनजीवन के साथ-साथ बच्चों की दिनचर्या भी प्रभावित होने लगी है। सुबह के समय कम दृश्यता और शीतलहर जैसे हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने शुक्रवार को जिले के सभी विद्यालयों के संचालन समय में एहतियातन बदलाव किया। पटना जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने आदेश जारी करके कहा कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के साथ-साथ प्री-प्राइमरी विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र अब सुबह 10 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक ही संचालित किए जाएंगे। उन्होंने आदेश में कहा कि निर्धारित समय से पहले या बाद में किसी भी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि पर पूरी तरह रोक रहेगी। प्रशासन के अनुसार सुबह और देर शाम की ठंड बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन के अनुसार यह आदेश 20 दिसंबर से 25 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। हालांकि, बोर्ड और प्री-बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विशेष कक्षाएं और निर्धारित परीक्षाएं इस आदेश से मुक्त रहेंगी, ताकि परीक्षा कार्यक्रम प्रभावित ना हो।

## महिला सशक्तीकरण से ही समग्र विकास का सपना पूरा होगा: भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण से ही समग्र विकास का सपना पूरा किया जा सकता है। शर्मा ने कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शर्मा ने राज्य सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में धौलपुर के पचगांव में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हमारी 'डबल इंजन' की सरकार अपनी नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से महिला उत्थान के लिए निरंतर निर्णय ले रही है।' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार करने में आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा, 'हमारी सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।' उन्होंने कहा कि 19 लाख 45 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करके 12 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गईं। उन्होंने कहा कि साथ ही, लाडो प्रोत्साहन योजना से अब तक 4 लाख 60 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आज महिला घर की चौखट से निकलकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी कर रही है। उन्होंने कहा कि अब महिला लाभार्थी ही नहीं, बल्कि नीति निर्माता भी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने नारी सशक्तीकरण को सिर्फ एक नीति ही नहीं बल्कि एक मिशन बनाया है।

### बिना तलाक लिये विवाहित व्यक्ति 'लिव-इन' संबंध में नहीं रह सकता

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि एक विवाहित व्यक्ति अपनी पत्नी/पति से तलाक लिये बगैर कानूनी रूप से 'लिव-इन' संबंध में नहीं रह सकता। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ ही एक जोड़े की सुरक्षा के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता पूर्ण नहीं है और यह मौजूदा जीवन साथी के संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं कर सकती। याचिकाकर्ताओं ने इस अनुरोध के साथ अदालत का रुख किया था कि दोनों बालिग हैं और पति पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं और उनके जीवन को प्रतिवादी से खतरा है। वहीं दूसरी ओर, राज्य सरकार के वकील ने याचिका का यह कहते हुए विरोध किया कि इन याचिकाकर्ताओं का कृत्य अवैध है क्योंकि प्रथम याचिकाकर्ता पहले से ही दिनेश नाम के व्यक्ति की पत्नी है और उसने तलाक नहीं लिया है। अदालत ने मंगलवार को दिए अपने निर्णय में कहा, ''दो वयस्क व्यक्तियों की निजी आजादी में हस्तक्षेप करने का किसी को भी अधिकार नहीं है, लेकिन स्वतंत्रता का अधिकार या निजी स्वतंत्रता का अधिकार पूर्ण नहीं है और इस पर कुछ पाबंदियां भी हैं।

## यूपी के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, कड़ाके की ठंड जारी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा और दिन में देर तक बना रहा, जिससे राज्य के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही हैं। यह जानकारी मौसम विभाग ने शुक्रवार को दी। मौसम विभाग के अधिकारियों ने इस स्थिति के लिए उत्तर भारत से होकर गुजरने वाली पश्चिमी हवाओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, पिछले 72 घंटे में कई इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया, जबकि न्यूनतम तापमान में अधिक बदलाव नहीं हुआ। पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 से 48 घंटे तक मौसम की ऐसी ही स्थिति बनी रहने की संभावना है, जिसमें राज्य के कई हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा और ठंड से लेकर बहुत अधिक ठंड पड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसके बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी और कोहरे की तीव्रता में कमी आने की संभावना है। मौसम केंद्र, लखनऊ ने कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिन इलाकों में बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है, उनमें कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर और देहात, उन्नाव, रायबरेली, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और आसपास के इलाके शामिल हैं। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को लखनऊ में दिन के तापमान में तेज गिरावट आई, अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 7.5 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.3 डिग्री ज़्यादा है। विभाग ने बताया कि सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच लखनऊ में कोई बारिश दर्ज नहीं की गई।

## आदित्यनाथ ने 137.83 करोड़ रुपये की लागत से बने गोरखनाथ ओवरब्रिज का लोकार्पण किया



**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर निजी लाभ के लिए सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का शुक्रवार को आरोप लगाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार उसका उपयोग पूरे राज्य में विकास में कर रही है। गोरखपुर में 138 करोड़ रुपये की लागत से बने रेल ओवरब्रिज के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि आठ साल पहले यह शहर बीमारी, गंदगी, अराजकता, माफिया के दबदबे और बिजली की कमी से ग्रस्त था, जिससे लोग बुनियादी विकास के लिए तरस रहे थे। उन्होंने कहा, डबल इंजन वाली सरकार की गति से भाजपा ने वास्तविक परिवर्तन का अर्थ प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि जनसमर्थन ने राज्य को एक नई पहचान और आत्मविश्वास प्रदान करने में मदद की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है, जिसकी वैश्विक स्तर पर विशिष्ट उपस्थिति है, और जनसुविधा को सर्वोपरि रखते हुए बड़े विकास परियोजनाओं, सड़क, रेल और हवाई संपर्क को क्रियान्वित किया जा रहा है। आदित्यनाथ ने गरीबों के लिए मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सेवा, एलपीजी कनेक्शन, सभी के लिए बिजली और अन्य लाभों सहित कल्याणकारी उपायों पर प्रकाश डाला और कहा कि ये सभी सरकारी सामूहिक प्रयासों से बिना किसी भेदभाव के वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब पहचान के संकट का सामना नहीं कर रहा है और नए आत्मविश्वास से चमक रहा है। गोरखपुर के कायापलट का उल्लेख करते हुए उन्होंने उर्वरक संयंत्र के पुनरुद्धार, यातायात व्यवस्था में सुधार, प्रमुख सड़कों के चार लेन के निर्माण और लखनऊ, वाराणसी और अन्य शहरों से बेहतर संपर्क का उल्लेख किया।

## निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करें: जायसवाल



**पटना:** बिहार के पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों को चल रही और प्रस्तावित परियोजनाओं में आ रही सभी बाधाओं को शीघ्र दूर करने और निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री ने सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क एवं पुल निर्माण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निर्माण कार्यों में तेजी लाना आवश्यक है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अधीन क्रियान्वित बड़ी परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने इन परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे आम जनता को शीघ्र लाभ मिलेगा और राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माण कार्यों में आ रही सभी बाधाओं को तत्काल दूर करने तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ लंबित मामलों में बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये।

# बिहार में सभी पुलिस लाइन में खुलेंगे आवासीय विद्यालय: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार में सभी 40 पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। यह घोषणा राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को की। चौधरी पुलिस मुख्यालय स्थित सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान बिहार पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत सेवा के दौरान विभिन्न कारणों से मृत 36 पुलिसकर्मियों के परिजनों के बीच बीमा राशि से संबंधित चेक का वितरण किया गया। उपमुख्यमंत्री, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने संयुक्त रूप से चेक वितरित किए। इस अवसर पर कुल 25 करोड़ रुपये की राशि पीड़ित परिजनों के बीच वितरित की गई। बिहार के गृहमंत्री चौधरी ने कहा कि पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के दौरान उनके बच्चों की पढ़ाई सबसे बड़ी चिंता होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में आवासीय विद्यालय खुलने से इस समस्या का समाधान होगा और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की ड्यूटी आठ घंटे से अधिक की होती है और प्रदेश की सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधों पर होती है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए सरकार आवासन, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी से पहले पटना पुलिस लाइन की तर्ज पर राज्य की शेष 39 पुलिस लाइन में 'जीविका दीदी की रसोई' की सुविधा शुरू कर दी जाएगी, जिससे पुलिसकर्मियों को स्वच्छ भोजन मिल सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड को भी सामान्य पुलिसकर्मियों की तरह बीमा योजना का लाभ देने पर विचार किया जा रहा है और इसके लिए शीघ्र ही एक रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से मिलने वाली यह आर्थिक सहायता मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों की क्षति की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन इससे उन्हें आर्थिक संबल अवश्य मिलेगा। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर सरकार गंभीर है और मेडिकल उपचार से जुड़ी बीमा व्यवस्था को पूरी तरह कैशलेस करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर मंथन जारी है और जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन 36 पुलिसकर्मियों के परिजनों को शुक्रवार को बीमा राशि दी गई, उनमें से 24 की मौत बीमारी के कारण हुई थी। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने कहा कि पिछले 15 महीनों से अधिक समय से बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ विशेष बीमा योजना संचालित की जा रही है। कुमार ने कहा कि अब तक इस योजना के तहत 90 पुलिसकर्मियों के परिजनों के बीच 43 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि

### राजस्थान: 'विधायक निधि' में भ्रष्टाचार के आरोप; सदाचार समिति के सामने पेश हुए तीनों विधायक

**जयपुर:** 'विधायक निधि' जारी करने के बदले कमीशन लेने के आरोप के मामले में तीन विधेयक शुक्रवार को यहां राजस्थान विधानसभा की सदाचार समिति के सामने पेश हुए। समिति के अध्यक्ष कैलाश वर्मा ने बताया कि विधायकों ने अपनी बात रखी, कुछ दस्तावेज पेश किए तथा और समय मांगा। उन्होंने बताया कि समिति ने इन विधायकों को अपना पक्ष रखने के लिए और समय दिया है। उल्लेखनीय है कि समिति ने इस मामले में राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विधायक रेवंतराम डांगा, कांग्रेस विधायक अनीता जाटव और निर्दलीय विधायक रितु बनावत को बुधवार को नोटिस जारी करके शुक्रवार को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा था। वर्मा ने बताया कि तीनों विधायक आज विधानसभा में समिति के सामने अलग अलग पेश हुए और तीनों ने अपना पक्ष रखा एवं कुछ दस्तावेज पेश किए।

### यूपी विधानसभा ने सपा के दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधानसभा ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी (सपा) के दिवंगत सदस्य सुधाकर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और सदन सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र की शुरुआत में नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक रहे सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सिंह का पिछले माह 20 नवंबर को निधन हो गया था। योगी आदित्यनाथ ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुधाकर सिंह समाज के वंचितों और गरीबों की सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि सिंह आपातकाल और अन्य आंदोलनों के दौरान आजमगढ़ व लखनऊ केंद्रीय कारागार में निरुद्ध रहे। लोकतंत्र सेनानी के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए लगातार कार्य किया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से अपने दल और पूरे सदन की ओर से सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने का अनुरोध किया। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुधाकर सिंह के निधन से समाज, राजनीति और समाजवादी पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि सिंह पीड़ितों और गरीबों के पक्ष में तथा अन्याय के खिलाफ सदैव संघर्षरत रहे। सदन में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के नेता रघुराज प्रताप सिंह, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना', बहुजन समाज पार्टी के उमाशंकर सिंह, अपना दल (एस) के राम निवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के मदन भैया, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के बेदी राम और निषाद पार्टी के डॉ. संजय निषाद ने भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज इन ब्रीफ

### शबरिमला सोना चोरी मामला : ईडी जल्द ही धन शोधन का मामला दर्ज करेगी

**कोल्लम :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शबरिमला मंदिर में सोने की चोरी की घटना के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करेगा। एक अदालत ने शुक्रवार को एजेंसी को पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) से दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने की अनुमति दे दी। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कोल्लम सतर्कता अदालत से उन दो प्राथमिकियों की प्रतियां हासिल करेगा, जो द्वारपालक (रक्षक देवता) की पट्टिकाओं और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाज़ों के चौखट से सोना गायब होने के मामले में पुलिस द्वारा दर्ज की गई हैं।

### ईडी ने बैंक 'धोखाधड़ी' मामले में अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को यहां पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 34-वर्षीय व्यक्ति का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया और शनिवार को भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। ईडी की जांच यस बैंक से संबंधित है। अधिकारियों के अनुसार, 31 मार्च, 2017 तक बैंक का रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) में लगभग 6,000 करोड़ रुपये का ऋण था और यह आंकड़ा एक वर्ष के भीतर (31 मार्च, 2018 तक) दोगुना होकर 13,000 करोड़ रुपये हो गया। इन कंपनियों में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) शामिल थीं।

### प्रदूषण नियंत्रण के कड़े उपायों के दूसरे दिन भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की वायु गुणवत्ता शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही और कल तक इसके 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। वहीं, शहर में 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' अभियान के दूसरे दिन प्रदूषण नियंत्रण केंद्रों के बाहर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। वायु प्रदूषण के बिगड़ते हालात से निपटने के लिए यहां अधिकारियों ने बीएस-6 मानक से नीचे वाले गैर-दिल्ली निजी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है और 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम को सख्ती से लागू किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में प्रवर्तन टीमों ने प्रदूषण फैलाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 11,776 चालान जारी किए हैं।

### भाजपा के लिए 'जी-राम-जी' का अर्थ भगवान राम नहीं बल्कि नाथूराम है: पवन खेड़ा

**तिरुवनंतपुरम :** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा मनरेगा की जगह लाया गया नया कानून 'जी राम जी', भगवान राम का नहीं बल्कि महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे का संदर्भ है। खेड़ा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जी राम जी योजना के लागू होने से कई करोड़ भारतीय अपनी एकमात्र आजीविका सहायता खोने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा, इस योजना को बिना किसी परामर्श के पारित किया गया और रोजगार गारंटी का संवैधानिक प्रावधान हटा दिया गया। हर राज्य में कामकाजी वर्ग प्रभावित होगा और इससे केरल के सबसे अधिक प्रभावित होने का अनुमान है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो अक्सर खुद को 'गेम-चेंजर' बताते हैं, अब केवल 'नेम-चेंजर' (नाम बदलने वाले) बन गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, वे उन सभी नामों को बदल रहे हैं जिनका जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी आदि से कोई संबंध है। वे नाथूराम गोडसे के अनुयायी हैं और गांधी का नाम हर जगह से मिटाना चाहते हैं।

# सहयोग के नए क्षेत्रों के उभरने से भारत-नीदरलैंड संबंध और होंगे प्रगाढ़ : जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि द्विपक्षीय सहयोग के नए और महत्वपूर्ण क्षेत्रों के उभरने से भारत-नीदरलैंड संबंधों में और मजबूती आएगी। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर, डिजिटल, साइबरस्पेस या जीवन विज्ञान के क्षेत्र में दोनों देश अधिक निकटता से काम करेंगे। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील के साथ वार्ता से पहले अपने प्रारंभिक संबोधन में जयशंकर ने यह भी कहा, हम आपके समर्थन पर भी भरोसा करते हैं, क्योंकि हम मुक्त व्यापार समझौते पर यूरोपीय संघ के साथ अपनी बातचीत के एक निर्णायक चरण की ओर बढ़ रहे हैं।'' विदेश मंत्रालय ने बताया कि नीदरलैंड के विदेश मंत्री 17 से 19 दिसंबर तक भारत दौरे पर हैं। जयशंकर ने कहा, ''हम नीदरलैंड के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं- द्विपक्षीय रूप से और यूरोपीय संघ में एक प्रमुख भागीदार के रूप में भी। पिछले कुछ महीनों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं, जिन्होंने हमारे सहयोग को और अधिक आयाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड के बीच जल क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी है, एवं कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा जहाजरानी क्षेत्रों में बहुत मजबूत सहयोग है। विदेश मंत्री ने कहा, सेमीकंडक्टर समेत सहयोग के नए क्षेत्रों के उभरने के साथ, मुझे लगता है कि हमारे संबंधों को और प्रगाढ़ होने की गुंजाइश है। इसलिए चाहे वह सेमीकंडक्टर हो, डिजिटल क्षेत्र हो, साइबरस्पेस हो या जीवन विज्ञान हो, हम आपके साथ और अधिक निकटता से काम करना चाहेंगे। जयशंकर ने यह भी कहा कि वह वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर नीदरलैंड के विदेश मंत्री के विचार जानना चाहेंगे। उन्होंने कहा, इसलिए मैं आपकी चर्चाओं का इंतजार कर रहा हूं। विदेश मंत्री ने बाद में हैदराबाद हाउस में हुई अपनी मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

## संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा व राज्यसभा की उत्पादकता 111 और 121 प्रतिशत



**नयी दिल्ली :** संसद का शीतकालीन सत्र, जो एक दिसंबर से शुरू हुआ था, शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान लोकसभा और राज्यसभा की उत्पादकता क्रमशः 111 प्रतिशत और 121 प्रतिशत दर्ज की गई। सत्र के समापन से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने पारंपरिक संबोधन में सत्र की उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। ओम बिरला ने बताया कि शीतकालीन सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो 92 घंटे 25 मिनट तक चलीं। लोकसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू सदन में मौजूद थे। अठारहवीं लोकसभा के छठे सत्र के दौरान कुल 10 सरकारी विधेयक पेश किए गए, जिनमें से आठ विधेयकों को सदन की मंजूरी मिली। इनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लाने के लिए प्रस्तावित 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' भी शामिल है, जिस पर विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। इसके अलावा सदन ने 'भारत के रूपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025', 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' तथा वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें-प्रथम बैच और संबंधित विनियोग (संख्यांक-4) विधेयक, 2025 को भी पारित किया। लोकसभा ने देश में अप्रचलित और पुराने हो चुके 71 कानूनों को निरस्त या संशोधित करने से जुड़े 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही 'मणिपुर माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025', 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025' और पान मसाला पर उपकर लगाने से संबंधित 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' को ध्वनिमत से पारित किया गया।

## प्रियंका गांधी ने नितिन गडकरी से केरल के वायनाड में सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने का आग्रह किया



**वायनाड/नयी दिल्ली :** केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उनसे अपने निर्वाचन क्षेत्र में लंबित सड़क कार्यों में तेजी लाने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। प्रियंका ने कहा कि इसमें थामरस्सेरी दर्रे पर भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त सड़क का समाधान करने के उद्देश्य से किए जाने वाले कार्य भी शामिल हैं। प्रियंका ने बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने उनकी चिंताओं को सुना और संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी मांगी। अपने पोस्ट में उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके द्वारा उठाए गए ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल ध्यान दिया जाएगा, जो सीधे तौर पर जन सुरक्षा और दैनिक जीवन को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड से संबंधित मुद्दों को उठाने के लिए आदरणीय गडकरी से मुलाकात की और उनसे लंबित कार्यों को बिना किसी देरी के शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने मेरी चिंताओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।''

## जी राम जी विधेयक: तृणमूल सांसदों ने पूरी रात दिया धरना, कांग्रेस और कई अन्य दलों ने भी किया प्रदर्शन




**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक' पारित होने के बाद इसका विरोध करते हुए बृहस्पतिवार देर रात से शुक्रवार को दिन में 12 बजे तक संसद परिसर में धरना दिया और आरोप लगाया कि विधेयक को मनमाने ढंग से पारित किया गया है। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार सुबह संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने से पहले जी राम जी विधेयक को लेकर प्रदर्शन किया। संसद ने बृहस्पतिवार को 'विकसित भारत- जी राम जी विधेयक, 2025' को मंजूरी दी। पहले यह विधेयक लोकसभा से और देर रात राज्यसभा से पारित किया गया। यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लेगा। संसद में विधेयक पारित होने के तुरंत बाद शुरू हुए तृणमूल के धरने में अन्य दलों के सांसद भी शामिल हुए। द्रमुक नेता तिरुचि शिवा, कांग्रेस सांसद जेबी माथेर, सैयद नासिर हुसैन, इमरान प्रतापगढ़ी, शक्ति सिंह गोहिल, आप के संदीप पाठक ने शुक्रवार सुबह इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। तृणमूल सांसद पूरी रात संसद परिसर में धरने पर बैठे रहे।

## हैदराबाद के विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. पवन कुमार एम एन से सिरोसिस पर अहम जानकारी



**हैदराबाद :** हैदराबाद के सीनियर कंसल्टेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, मिनिमल एक्सेस और एचपीबी सर्जरी और रोबोटिक सर्जन डॉ. पवन कुमार एम एन कहते हैं कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि सिरोसिस एक स्थायी यकृत रोग है, लेकिन हालिया चिकित्सकीय शोध इस धारणा को बदलते नजर आ रहे हैं। डॉ. पवन कुमार एम एन ने बताया कि सिरोसिस लिवर को होने वाली क्षति का अंतिम चरण होता है, जो ऑटोइम्यून बीमारियों, फैटी लिवर रोग, अत्यधिक शराब सेवन और हेपेटाइटिस बी व सी के कारण विकसित हो सकता है। बार-बार होने वाली क्षति से लिवर के ऊतकों में निशान पड़ जाते हैं, जिससे उसका सामान्य कार्य प्रभावित होता है और स्थिति जानलेवा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि बीमारी के कारणों की समय रहते पहचान कर उपयुक्त इलाज किया जाए, तो यकृत की पुनर्योजी क्षमता के चलते सुधार संभव है। शराब का सेवन बंद करना, वजन नियंत्रित करना, वायरल हेपेटाइटिस में एंटीवायरल दवाओं का उपयोग, लिवर कैंसर में ट्रांसआर्टेरियल कीमोएम्बोलाइजेशन तथा फाइब्रोस्कैन जैसी गैर-आक्रामक जांच विधियां उपचार को अधिक प्रभावी बनाती हैं। गंभीर मामलों में लिवर प्रत्यारोपण आवश्यक हो जाता है, जहां जीवित दाता से प्रत्यारोपण और बेहतर पोस्ट-ट्रांसप्लांट देखभाल से परिणामों में सुधार हुआ है। डॉ. पवन कुमार एम एन हर महीने कोलकाता स्थित केंद्र में विशेष परामर्श देंगे।

## टिपरा मोथा की युवा शाखा ने बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग के निकट विरोध प्रदर्शन किया




**अगरतला :** टिपरा मोथा पार्टी की युवा शाखा ने बांग्लादेश में भारत विरोधी अभियान और पूर्वोत्तर भारत के बारे में की गई एक नेता की टिप्पणियों के विरोध में शुक्रवार को बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के निकट विरोध प्रदर्शन किया। युवा टिपरा महासंघ (वाईटीएफ) के विरोध प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वाईटीएफ के अध्यक्ष सूरज देबबर्मा ने संवाददाताओं से कहा, हम बांग्लादेश में भारत विरोधी ताकतों को याद दिलाना चाहते हैं कि भारत ने ही पाकिस्तानी सेना के दमन से बांग्लादेश को मुक्त कराया था... केवल 13 दिनों में पूर्वी पाकिस्तान को एक संप्रभु देश में बदल दिया था। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए। टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने एक 'एक्स' पर लिखा, टिपरा मोथा पूर्वोत्तर भारत में एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो बांग्लादेश (सहायक) उच्चायोग के बाहर सार्वजनिक रूप से विरोध प्रदर्शन कर रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी जाग जाएं। हमारी असली लड़ाई एक-दूसरे से नहीं बल्कि मिनी पाकिस्तान (बांग्लादेश) से है।

## मैं पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करूंगा : सिद्धरमैया

**बेलगावी :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को दोहराया कि वह पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करते हुये पद पर बने रहेंगे और इसके साथ ही कांग्रेस आला कमान के समर्थन पर विश्वास जताया । उत्तर कर्नाटक के विकास से जुड़े मुद्दों पर विधानसभा में चर्चा के दौरान सिद्धरमैया ने कहा कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि वह केवल ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री के पद पर हैं। विपक्षी भाजपा विधायकों के इस सवाल के जवाब में कि क्या उनके कार्यकाल के दौरान उत्तरी कर्नाटक के लिए सरकार द्वारा किए गए वादे पूरे होंगे, उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि (कांग्रेस) आला कमान मुझे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने देगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आला कमान मेरे साथ है, मैं आला कमान के फैसले का पालन करूंगा। भारतीय जनता पार्टी के वी सुनील कुमार ने उनके भविष्य पर सवाल उठाया, तो मुख्यमंत्री ने कहा, मैं मुख्यमंत्री हूं। अगर आला कमान फैसला करता है, तो मैं भविष्य में भी मुख्यमंत्री रहूंगा। जब विपक्षी सदस्यों ने सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के बीच बारी-बारी से मुख्यमंत्री पद संभालने के सत्ता-साझेदारी'' पर सवाल उठाया, तो उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं कहा कि मैं ढाई साल तक के लिये मुख्यमंत्री रहूंगा। सुनील कुमार ने कहा, हम चाहते हैं कि आप उत्तर कर्नाटक क्षेत्र के लिए किए गए सभी वादे पूरे करें।

## ग्रो मल्टीकैप फंड का शानदार प्रदर्शन, पहले वर्ष में बेंचमार्क को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिसंबर 2024 में लॉन्च हुआ ग्रो मल्टीकैप फंड अपने पहले ही वर्ष में शानदार प्रदर्शन करते हुए मल्टी-कैप श्रेणी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। वैश्विक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और आय में असमान सुधार के बीच उतार-चढ़ाव भरे बाजार माहौल में भी फंड ने अपने बेंचमार्क को पीछे छोड़ दिया है। बीते एक वर्ष में जहां प्रमुख इक्विटी सूचकांकों ने सीमित रिटर्न दिया, वहीं इस फंड ने निवेशकों को बेहतर प्रतिफल प्रदान किया। निफ्टी 50 में 4.83 प्रतिशत और निफ्टी 500 में केवल 0.93 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई, जबकि ग्रो मल्टीकैप फंड ने एक साल में 8.01 प्रतिशत का रिटर्न हासिल किया। फंड का पहला साल आरबीआई की दर कटौती, वैश्विक व्यापार से जुड़े घटनाक्रम और बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता जैसे कई चुनौतीपूर्ण कारकों से भरा रहा। अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश करते हुए, फंड प्रबंधन भारतीय अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक विकास संभावनाओं का लाभ उठाने पर फोकस बनाए हुए है। इस योजना का प्रबंधन अनुपम तिवारी और सप्तर्षी चटर्जी कर रहे हैं, जबकि यह फंड ग्रो की पेशकश है।

## प्रवासियों की प्रदेश वापसी को बढ़ावा देने के लिए 'प्रवासी पंचायत' आयोजित हों : मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रवासियों की प्रदेश वापसी (रिवर्स पलायन) को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को अधिकारियों को प्रदेश भर में 'प्रवासी पंचायतों' का आयोजन करने के निर्देश दिए। यहां उत्तराखंड ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पलायन की समस्या राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती रही है, लेकिन पिछले चार-पांच वर्षों में 'रिवर्स' पलायन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रवासी पंचायतों का आयोजन कर उनमें देश एवं विदेश में कार्यरत प्रवासियों को आमंत्रित किया जाए तथा उन्हें राज्य सरकार की 'रिवर्स' पलायन से जुड़ी पहलों के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने इस संबंध में प्रवासियों से भी सुझाव लेने को कहा। धामी ने आयोग के सदस्यों को अन्य राज्यों में जाकर प्रवासियों की प्रदेश वापसी के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देने के साथ ही पलायन रोकने से जुड़े नवाचारों का अध्ययन करने के निर्देश भी दिए।

## ऑस्ट्रेलिया में गोलीबारी के संदिग्ध ने छह बार हैदराबाद की यात्रा की थी: तेलंगाना डीजीपी



**हैदराबाद :** तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शिवधर रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया में हाल में हुई सामूहिक गोलीबारी के आरोपी साजिद अकरम ने 1998 में भारत छोड़ने के बाद 27 वर्षों में छह बार हैदराबाद की यात्रा की थी। रेड्डी ने कहा कि साजिद अकरम के भारतीय पासपोर्ट में उल्लेखित पता हैदराबाद का पाये जाने के बाद तेलंगाना पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अकरम का जन्म हैदराबाद में हुआ था और वह शिक्षा और रोजगार के लिए 1998 में विदेश जाने के बाद अक्टूबर 2000 में पहली बार शहर आया था। उस यात्रा के दौरान उसके साथ उसकी पत्नी भी थीं। डीजीपी ने बताया कि बाद में उसने 2004 में और फिर फरवरी 2009 में अपने पिता की मृत्यु के बाद हैदराबाद की यात्रा की, हालांकि यह यात्रा अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नहीं थी। इसके बाद अकरम ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ संपत्ति संबंधी मामलों को निपटाने के लिए जुलाई 2012 और मार्च 2016 में शहर की यात्रा की थी। रेड्डी ने पत्रकारों से कहा, ''उसकी आखिरी यात्रा जुलाई 2022 में हुई थी, जाहिर तौर पर अपनी मां और बहन से मिलने के लिए। हैदराबाद से उसके संबंधों के बारे में हमारे पास यही एकमात्र जानकारी है। हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे यह पता चल सके कि उसका कट्टरपंथीकरण यहीं हुआ था या शहर में उसके ऐसे कोई संबंध थे।''

## हथबंध-बैकुंठ के मध्य चौथी रेल लाइन को रेलवे बोर्ड की मंजूरी

**बिलासपुर :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में हथबंध एवं बैकुंठ स्टेशनों के मध्य 17.24 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन बिछाने के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड की मंजूरी प्राप्त हो गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 274 करोड़ है ।यह रेलखंड बिलासपुर-रायपुर-नागपुर मुख्य मार्ग का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो मुंबई-हावड़ा उच्च घनत्व (हाई डेंसिटी नेटवर्क) मार्ग के अंतर्गत आता है। वर्तमान में इस खंड पर ट्रैफिक दबाव अत्यधिक है, जहाँ लाइन क्षमता उपयोग लगभग 158 प्रतिशत तक पहुँच चुका है और आगामी वर्षों में इसके और बढ़ने की संभावना है।चौथी रेल लाइन के निर्माण से इस खंड पर यात्री ट्रेन एवं मालगाड़ियों के परिचालन में उल्लेखनीय सुधार, ट्रेन संचालन की समयबद्धता में वृद्धि तथा क्षमता विस्तार संभव हो सकेगा। यह परियोजना विशेष रूप से ऊर्जा, खनिज, सीमेंट एवं औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े माल परिवहन को गति प्रदान करेगी।परियोजना की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को परियोजना मूल्यांकन समिति द्वारा अनुशंसित किया गया है तथा इसे रेलवे बोर्ड के संबंधित विभागों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार एवं रोजगार सृजन में सहायक सिद्ध होगी।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

## तेलंगाना पुलिस के सामने 41 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया



**हैदराबाद :** प्रतिबंधित माओवादी संगठन भाकपा (माओवादी) को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब उसके 41 सदस्यों ने तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें कंपनी प्लाटून समिति और विभागीय समिति स्तर के छह शीर्ष माओवादी भी शामिल हैं। तेलंगाना पुलिस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक बी शिवधर रेड्डी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कार्यकर्ता औपचारिक रूप से हिंसा का त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों ने पुलिस को 24 आग्नेयास्त्र सौंपे, जिनमें एक आईएनएसएएस, तीन एके-47 राइफलें और पांच एसएलआर राइफलें शामिल थीं, साथ ही विभिन्न कैलिबर के 733 कारतूस भी बरामद किए। विज्ञप्ति में कहा गया है, यह आत्मसमर्पण भाकपा (माओवादी) की संगठनात्मक शक्ति, मनोबल और नेतृत्व की विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण गिरावट को दर्शाता है। इसमें कहा गया है कि आवश्यक कार्यवाही के बाद आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादी कैडरों के बीच राज्य तथा केंद्र की राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत 1.46 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे।

### मुंबई नगर निकाय चुनाव: 'आप' सभी 227 सीट पर चुनाव लड़ेगी

**मुंबई :** आम आदमी पार्टी ने कहा कि वह बीएमसी की सभी 227 सीट पर चुनाव लड़ेगी और उसने 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। 'आप' ने एक बयान में कहा, मुंबई बदहाल स्थिति में है। बीएमसी का वार्षिक बजट 74,447 करोड़ रुपये है - जो एशिया में सबसे बड़ा है। मुंबईवासी देश में सबसे अधिक कर चुकाते हैं, फिर भी उन्हें घटिया सार्वजनिक सेवाएं मिलती हैं।'' बयान में 'आप' की मुंबई इकाई की प्रमुख प्रीति शर्मा मेनन के हवाले से कहा गया है, बीएमसी भ्रष्टाचार का अड्डा है। हर राजनीतिक दल ने मुंबई को लूटा है, जनहित से ऊपर अपने स्वार्थ को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी न केवल विकल्प है, बल्कि समाधान भी है और मुंबई को बीएमसी में कुछ अच्छे लोगों की बहुत जरूरत है।

## केंद्र सरकार जहाजों, बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो स्थापित करेगी



**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार बंदरगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने लिए एक वैधानिक निकाय के तौर पर 'बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो' का गठन करेगी। यह निकाय बंदरगाहों और जहाजों से जुड़ी सुरक्षा संबंधी सूचन-ाओं का समय पर विश्लेषण, संग्रहण और आपसी आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्यूरो साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बंदरगाहों और जहाजों की सुरक्षा के लिए एक समर्पित निकाय के गठन के संबंध में बैठक बुलाई, जिसमें बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी उपस्थित हुए। शाह ने देश में एक मजबूत बंदरगाह सुरक्षा ढांचे की आवश्यकता पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि सुरक्षा उपायों को क्रमबद्ध और जोखिम-आधारित तरीके से लागू किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### एशियाड की तैयारी के लिए टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता में गुलवीर परखेंगे अपने फेफड़ों की क्षमता

**कोलकाता:** लंबी दूरी की दौड़ में भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों के लिए तैयारी शुरू कर दी है जिसके लिए वह टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे और साथ ही अपने फेफड़ों की क्षमता का भी आकलन करेंगे। तीन साल पहले हांगझोऊ एशियाई खेलों में गुलवीर ने अपने हमवतन कार्तिक कुमार (28:15.38) के पीछे रहते हुए 28:17.21 के समय के साथ कांस्य पदक जीता था। तब से उत्तर प्रदेश के इस धावक का करियर ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ा है। वह फिलहाल 10,000 मीटर (27:00.22), 5,000 मीटर (12:59.77) और 3,000 मीटर (7:34.49) के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हैं। वह बाकू में एशियाई चैंपियनशिप में 10,000 मीटर और 5,000 मीटर में दोहरे स्वर्ण पदक जीतने के बाद जोश में हैं। गुलवीर ने बैंकॉक में 2023 एशियाई चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था।

### फडणवीस ने टी20 विश्व कप चैम्पियन दृष्टिबाधित भारतीय महिला टीम को सम्मानित किया

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारत की दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से वित्तीय सहायता, रोजगार और खेलों के बुनियादी ढांचे समेत हरसंभव मदद का वादा भी किया। मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कप्तान दीपिका ने कहा कि ये खिलाड़ी पारिवारिक जिम्मेदारियां भी निभा रहीं हैं लिहाजा नियमित आर्थिक सहायता और आवासीय सुविधा जरूरी है। उन्होंने कहा ,'हम कड़ी मेहनत करने को तैयार हैं। हमें सहयोग और मौके चाहिये।'

# पंड्या के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया, श्रृंखला 3-1 से जीती




**अहमदाबाद :** हार्दिक पंड्या के रिकॉर्ड अर्धशतक, तिलक वर्मा की शानदार पारी और वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हराकर श्रृंखला 3-1 से अपने नाम कर ली। इसके साथ ही भारतीय टीम ने वर्ष 2025 का शानदार अंत किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पांच विकेट पर 231 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पारी का मुख्य आकर्षण रहे हार्दिक पंड्या, जिन्होंने मात्र 16 गेंदों में अर्धशतक जड़कर भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज पचासा बनाया। यह रिकॉर्ड युवराज सिंह के 12 गेंदों में बनाए गए अर्धशतक के बाद भारतीय क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। पंड्या ने 25 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। उनके साथ तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 73 रन की संयमित लेकिन प्रभावशाली पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 105 रन की अहम साझेदारी हुई। इससे पहले अभिषेक शर्मा (34) और संजू सैमसन (37) ने तेज शुरुआत करते हुए छठे ओवर में ही टीम का स्कोर 63 रन तक पहुंचा दिया। चोटिल शुभमन गिल की जगह खेले सैमसन ने अपने मौके का भरपूर फायदा उठाया और चयनकर्ताओं के सामने मजबूत दावा पेश किया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही और क्विंटन डिकॉक (65) ने आक्रामक बल्लेबाजी की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में शानदार वापसी की। वरुण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 53 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए। अंतिम सात विकेट 81 रन के भीतर गिरने से दक्षिण अफ्रीकी टीम आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला पर निर्णायक बढ़त बनाई और घरेलू दर्शकों को जीत का जश्न मनाने का शानदार मौका दिया।

## भारत अंडर19 एशिया कप फाइनल में , मुकाबला पाकिस्तान से



**दुबई:** उपकप्तान विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार नाबाद पारियों की बदौलत भारत ने वर्षाबाधित सेमीफाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली। फाइनल में भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। बारिश के कारण मुकाबला प्रति टीम 20 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम भारतीय गेंदबाजों के दबाव में 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन ही बना सकी। जवाब में भारत ने लक्ष्य 18 ओवर में ही हासिल कर लिया। विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए, जबकि उनके साथ आरोन जॉर्ज ने 49 गेंदों में नाबाद 58 रन की पारी खेली। दोनों के बीच 114 रन की अटूट साझेदारी हुई, जिसके दम पर भारत आठवीं बार अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा। हाल ही में आईपीएल मिनी नीलामी में आरसीबी द्वारा खरीदे गए मल्होत्रा ने आत्मविश्वास से भरे शॉट्स लगाए। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## विश्व कप की तैयारियों के लिए खुद को चुनौती देना जरूरी: चक्रवर्ती

**अहमदाबाद:** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारी में उनका पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मैचों में लिए गए छह विकेट भी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के खिताब की रक्षा के लिए चक्रवर्ती काफी अहम खिलाड़ी है। उन्होंने 'जियोस्टार' के 'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में कहा, 'विश्व कप की तैयारी के लिए खुद पर लगातार दबाव बनाए रखना बहुत जरूरी है।' कर्नाटक में जन्में इस गेंदबाज ने कहा, 'जब कोई चुनौती न हो तब भी आपको खुद को चुनौती देनी होगी। अगर कोई मैच आसान लगे तो आपको मानसिक रूप से दबाव बनाना होगा और खुद को चुनौती देना शुरू करना होगा।' उन्होंने कहा, 'उनके लिए आत्मविश्वास, सही लेंथ पर गेंदबाजी करना और विपक्षी टीम को समझना बहुत जरूरी है। यह एक अहम बात है जिसे मैं विश्व कप में ध्यान में रखना चाहता हूं। विपक्षी टीम को बेहतर ढंग से समझने से मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।'



## टी20 विश्व कप: सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं



**मुंबई:** अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव और उप-कप्तान शुभमन गिल का खराब फॉर्म जरूर चिंता का विषय है, लेकिन इसके बावजूद राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा 15 सदस्यीय टीम में किसी अप्रत्याशित बदलाव की संभावना बेहद कम है। चयन समिति शनिवार को टीम का ऐलान कर सकती है और बीसीसीआई के पास 7 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट तक टीम में बदलाव की सीमित छूट भी रहेगी। हालांकि बीसीसीआई के भीतर कोई भी इसे खुलकर नहीं कह रहा, लेकिन यह वैश्विक टूर्नामेंट सूर्यकुमार यादव के लिए राष्ट्रीय टी20 कप्तान के रूप में आखिरी हो सकता है। 35 वर्षीय सूर्यकुमार पिछले एक साल से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं, बावजूद इसके कप्तानी के कारण वह टीम में बने हुए हैं। इसी तरह गिल की मौजूदगी पर भी सवाल उठते रहे हैं, खासकर तब जब यशस्वी जायसवाल जैसे आक्रामक और बहुमुखी विकल्प उपलब्ध हैं।चयन समिति न्यूजीलैंड दौरे के लिए भी टी20 टीम चुनेगी, जो लगभग विश्व कप टीम के समान होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या जायसवाल को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल कर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। फिलहाल रिजर्व सलामी बल्लेबाज की भूमिका संजू सैमसन निभा रहे हैं, लेकिन विकेटकीपिंग में जितेश शर्मा की प्राथमिकता के चलते उनके लिए टीम में जगह पक्की नहीं मानी जा रही। टीम में सबसे कमजोर कड़ी कागजों पर वाशिंगटन सुंदर नजर आते हैं, जिनका टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन औसत रहा है, हालांकि वह गेंदबाजी ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं। सीमित मैच शेष होने के कारण चयन समिति निरंतरता बनाए रखना चाहेगी और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनी गई टीम के ही विश्व कप में उतरने की संभावना अधिक है।

**टी20 विश्व कप के लिए भारत की संभावित टीम:**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर। संभावित स्टैंडबाय: यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, शाहबाज अहमद/नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा।

## राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप: लक्षिता और श्रवण को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण



**नयी दिल्ली:** सेना की लक्षिता बिश्नोई और श्रवण कुमार की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां हरियाणा की सुरुचि सिंह और सम्राट राणा की जोड़ी को हराकर राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। लक्षिता और श्रवण ने भारतीय टीम के नियमित निशानेबाजों को 16-10 से हराकर खिताब अपने नाम किया। लक्षिता (290) और श्रवण (292) ने कुल 582 अंक हासिल करके हरियाणा की जोड़ी के साथ स्वर्ण पदक मैच के लिए क्वालीफाई किया जिन्होंने भी 582 का समान स्कोर बनाया था। हाल में दोहा में विश्व कप फाइनल में महिलाओं का व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली सुरुचि ने 293 अंक हासिल किए जबकि विश्व चैंपियन सम्राट राणा ने 289 अंक जोड़े। राजस्थान 576 अंक (अंजलि शेखावत के 288, अमित शर्मा के 288) से तीसरे स्थान पर रहा। रेलवे 576 अंक (साक्षी अनिल सूर्यवंशी 289, सौरभ चौधरी के 287) से चौथे स्थान पर रहा। अंजलि और अमित ने साक्षी और सौरभ को 17-13 से हराया जिससे राजस्थान ने कांस्य पदक जीता। कर्नाटक के जोनाथन गेविन एंटनी और अवंतिका मधु ने हरियाणा के कपिल बैंसला और पलक गुलिया पर 17-11 की शानदार जीत के साथ जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश ने कांस्य पदक हासिल किया।



## अपनी परियोजनाओं में हरित क्षेत्रों को भी शामिल करें रियल एस्टेट डेवलपर: अमित शाह

### रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई के सम्मेलन को किया संबोधित



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रियल एस्टेट कंपनियों से अपनी परियोजनाओं की योजना बनाते समय हरित क्षेत्रों को भी जगह देने का आग्रह किया और निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों को कौशल प्रशिक्षण देने की जरूरत पर बल दिया। शाह ने यहां रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रियल एस्टेट विनियमन और विकास अधिनियम (रेरा) ने डेवलपरों के कामकाज को सुगम बनाने के साथ घर खरीदारों के हितों की भी रक्षा की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न निर्माण सामग्रियों पर जीएसटी दरें घटाए जाने से परियोजनाओं की लागत घटाने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा, लागत में कमी आने से बिल्डर ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकेंगे। गृह मंत्री ने रेरा कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि जब यह कानून लाया गया था, तब उद्योग में कई आशंकाएं थीं। लेकिन आज कोई इनकार नहीं कर सकता कि रेरा ने डेवलपरों के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने कहा, जब हम नियमन को प्रतिबंध के रूप में देखते हैं, तभी समस्या पैदा होती है। नियमन हमेशा व्यापार के अवसर बढ़ाने, विश्वसनीयता मजबूत करने और ग्राहकों को बेहतर सुविधाओं की गारंटी देने में मदद करता है।

## शेयर बाजार में चार दिनों के बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 447 अंक उछला




**मुंबई:** वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को उछाल के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 151 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में नवंबर के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़े उम्मीद से कम रहने से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में आगे और कटौती की उम्मीद मजबूत हुई है जिससे निवेशकों का रुझान शेयरों की ओर बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 585.69 अंक बढ़कर 85,067.50 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व के शेयर बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

# भारत-ओमान व्यापार समझौता तीन महीने के भीतर लागू होने की संभावना है: गोयल




**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ओमान मुक्त व्यापार समझौते को अगले तीन महीनों के भीतर लागू करने की कोशिश करेंगे। दोनों देशों के बीच 18 दिसंबर को मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत, ओमान ने अपनी 98 से अधिक शुल्क श्रेणियों या उत्पाद श्रेणियों पर शून्य शुल्क की पेशकश की है। इससे भारत के 99.38 प्रतिशत निर्यात को ओमान में शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान की जाएगी। रत्न एवं आभूषण, वस्त्र, चमड़ा, जूते, खेल के सामान, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, इंजीनियरिंग उत्पाद, औषधि, चिकित्सकीय उपकरण और मोटर वाहन सहित सभी प्रमुख श्रम-प्रधान क्षेत्रों को पूर्ण रूप से शुल्क मुक्त कर दिया गया है। वर्तमान में ओमान में इन वस्तुओं पर पांच से 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगता है। दूसरी ओर, भारत अपनी कुल शुल्क श्रेणियों (12,556) में से 77.79 प्रतिशत पर शुल्क उदारीकरण की पेशकश कर रहा है। यह मूल्य के हिसाब से ओमान से भारत के आयात का 94.81 प्रतिशत हिस्सा है। ओमान ने आखिरी बार कोई व्यापार समझौता अमेरिका के साथ किया था। ओमान-अमेरिका व्यापार समझौते को 2006 में अंतिम रूप दिया गया था, हालांकि इसे लागू जनवरी 2009 में किया गया। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'ओमान के मंत्री और मैंने इस बात पर चर्चा की है कि हम इस समझौते को तीन महीने के भीतर लागू करने की कोशिश करेंगे।' भारतीय व्यवसायों के लिए ओमान में निवेश के संभावित क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस्पात, ऊर्जा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में काफी संभावनाएं हैं।

### ओमान ने पहली बार किसी देश को संगमरमर ब्लॉक के निर्यात की अनुमति दी

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि ओमान ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत को संगमरमर के ब्लॉक आयात करने की अनुमति दे दी है। इससे भारत को संगमरमर ब्लॉक के आयात के लिए तुर्किये पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारत और ओमान के बीच सीईपीए पर 18 दिसंबर को मस्कट में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अगले तीन महीनों में लागू होने की संभावना है। गोयल ने कहा कि ओमान आमतौर पर संगमरमर के ब्लॉक के निर्यात की अनुमति नहीं देता है और भारत इस तरह की सुविधा पाने वाला पहला देश है।

### प्रारंभिक आकलन के बाद इंडिगो मामले की जांच का निर्णय: सीसीआई चेयरपर्सन

**नयी दिल्ली:** प्रतिस्पर्धा आयोग की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि प्रारंभिक आकलन के आधार पर सीसीआई ने हाल ही में हुई उड़ान संबंधी व्यवधानों के बाद इंडिगो के संचालन की जांच करने का निर्णय लिया है। कौर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विशिष्ट जानकारी के आधार पर आयोग ने अपने प्रारंभिक आकलन में मामले की आगे जांच करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, हमारे पास कुछ जानकारी है, जिसके आधार पर मामला आयोग के समक्ष रखा गया था। आयोग का मानना है कि प्रारंभिक आकलन के आधार पर हम मामले की और अधिक विस्तार से जांच कर सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आयोग पूरे विमानन क्षेत्र की जांच करेगा, तो उन्होंने कहा, नहीं। हमने केवल प्राप्त जानकारी की जांच शुरू की है और यह जानकारी केवल इंडिगो से संबंधित है।

## संसद में पारित बीमा विधेयक क्षेत्र के विकास में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगा : एलआईसी प्रमुख



**नयी दिल्ली:** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) आर. दुरईस्वामी ने कहा कि संसद में इस सप्ताह पारित बीमा विधेयक क्षेत्र के विकास के लिए उत्प्रेरक साबित होगा और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा पॉलिसियों को अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने में मदद करेगा। उन्होंने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 'सबका बीमा सबकी रक्षा' (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक 2025 पॉलिसीधारकों की सुरक्षा तथा नियामक मजबूती पर जोर देता है। दुरईस्वामी ने कहा, 'पुरानी व्यवस्थाओं को अद्यतन करके और शासन मानदंडों को मजबूत करके, ये संशोधन बीमा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं विवेकपूर्ण निगरानी को सुदृढ़ करते हैं। पॉलिसीधारकों के लिए इसका मतलब है मजबूत सुरक्षा उपाय, बेहतर सेवा मानक और दीर्घकालिक बीमा प्रतिबद्धताओं में बढ़ा हुआ विश्वास जो भरोसे पर टिके इस क्षेत्र में एक आवश्यक कारक है।' संसद ने बुधवार को 'सबका बीमा सबकी रक्षा' विधेयक 2025 पारित कर दिया, जिससे बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का रास्ता खुल गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक पर बहस के दौरान जवाब देते हुए देश भर में बीमा की पहुंच और जागरूकता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया था। दुरईस्वामी ने कहा कि यह अधिक परिचालन चपलता एवं नवाचार के लिए एक ढांचा प्रदान करता है। इससे बीमाकर्ताओं को सेवानिवृत्ति सुरक्षा, दीर्घायु समाधान और स्वास्थ्य-संबंधी सुरक्षा सहित बीमा की बदलती जरूरतों को पूरा करने वाले लक्षित उत्पादों को तैयार करने एवं वितरित करने की अनुमति मिलती है।

## न्यूज अपडेट

### रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक पर 62 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक पर बुनियादी बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खाते, बैंक प्रतिनिधियों और ऋण सूचना कंपनियों से जुड़े नियमों का पालन न करने के लिए 61.95 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह जुर्माना 11 दिसंबर, 2025 के एक आदेश में लगाया गया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, यह जुर्माना 'बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच – बुनियादी बचत बैंक जमा खाता' और बैंक प्रतिनिधियों (बीसी) द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का दायरा' पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने और ऋण सूचना कंपनी कानून, 2006 (सीआाईसी नियम) के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया।

### चांदी 3,500 रुपये टूटकर 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी की कीमत रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गई। स्टॉकिस्टों और फुटकर विक्रेताओं की ताजा बिकवाली के कारण चांदी की कीमत 3,500 रुपये घटकर 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को चांदी 1,800 रुपये बढ़कर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद स्तर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लगभग स्थिर रुख लिए 1,36,515 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.69 अरब डॉलर बढ़कर 688.95 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.69 अरब डॉलर बढ़कर 688.95 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, रिजर्व का एक मुख्य हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 90.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 557.79 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 75.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 107.74 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.74 अरब डॉलर हो गया।

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली:** देश में एक अप्रैल से 17 दिसंबर के बीच शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। 'रिफंड' धीमा होने और कंपनियों के अधिक अग्रिम कर से शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ा है। आयकर विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 10.54 प्रतिशत बढ़कर 8.17 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं गैर-कॉरपोरेट कर (जिसमें व्यक्तियों, एचयूएफ और कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए कर शामिल हैं) 6.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.47 लाख करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 17 दिसंबर तक प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से प्राप्त शुद्ध राजस्व सालाना आधार पर मामूली बढ़त के साथ 40,195 करोड़ रुपये रहा। कंपनियों का अग्रिम कर आठ प्रतिशत बढ़कर 6.07 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। गैर-कॉरपोरेट मद में अग्रिम कर संग्रह में 6.49 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 1.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। कुल मिलाकर 17 दिसंबर तक अग्रिम कर में 4.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 7.88 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। 'रिफंड' जारी करने में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की गिरावट आई और यह राशि 2.97 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही।

वर्ष 10, पूर्णांक 3448 अंक 258, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in